AARSH BOOKS

# Active GRAMMAR & TRANSLATION

7

# CONTENTS


**SECTION-I GRAMMAR**

1. English Language : An Introduction (अंग्रेजी भाषा : एक परिचय) 05
2. The Sentence (वाक्य) 07
3. Parts of a Sentence (वाक्य के भाग) 09
4. The Noun (संज्ञा) 11
5. The Pronoun (सर्वनाम) 19
6. The Adjective (विशेषण) 24
7. Verb : To Be (Linking Verb) 29
8. Verb : Transitive or Intransitive (क्रिया : सकर्मक या अकर्मक) 31
9. Verb : Have 34
10. Verb : Tenses (क्रिया काल) 36
11. The Question Forms (Interrogative Sentences : Yes/No Answer Type) (प्रश्न बनाना) 42
12. The Question Forms (Interrogative Sentences : Wh Type Questions) (प्रश्न बनाना) 44
13. Subject Verb Agreement (कर्ता-क्रिया सामंजस्य) 46
14. The Adverb (क्रिया विशेषण) 48
15. The Preposition (पूर्वसर्ग अव्यय) 52
16. The Conjunction (संयोजक) 55
17. The Interjection (विस्मयादिबोधक अव्यय) 57
18. The Punctuation (विराम चिह्न) 59

**SECTION - II ELEMENTARY KNOWLEDGE**

1. Useful Vocabulary (उपयोगी शब्दावली) 62
2. Antonyms (विलोम शब्द) 66
3. Synonyms (पर्यायवाची शब्द) 68
4. Homophones (समान उच्चारण वाले भिन्नार्थक शब्द) 69
5. One Word Substitution (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द) 70
6. Some Important Idioms (कुछ प्रमुख मुहावरे) 71
7. Some Words Used as Different Parts of Speech 72
8. Word formation (एक शब्द से दूसरा शब्द बनाना) 73

**SECTION - III TRANSLATION**

1. Use of Linking Verb (Is, Are, Am) 76
2. Use of Linking Verb (Was, Were) 80
3. Use of Has, Have, Had 84
4. Use of Introductory Subject (It, Here, There) 86
5. Imperative Sentences (आज्ञासूचक वाक्य) 88
6. Present Indefinite Tense 90
7. Past Indefinite Tense 94
8. Future Indefinite Tense 98
9. Present Continuous Tense 102
10. Past Continuous Tense 106
11. Future Continuous Tense 110
12. Present Perfect Tense 114
13. Past Perfect Tense 118
14. Future Perfect Tense 122
15. Passages for Translation 126

**SECTION - IV COMPOSITION**

1. Conversation 127
2. Controlled Composition 129
3. Picture Composition 130
4. Story Completion 133
5. Applications and Letters 136
6. Essays 140
7. Comprehension (Unseen Passages) 143

Section-I GRAMMAR

# 1 English Language : An Introduction

## अंग्रेजी भाषा : एक परिचय

व्यक्ति भाषा के माध्यम से अपने मन के भावों को प्रकट करता है और दूसरों के मन के भावों को जान पाता है। भाषा का प्रारम्भिक रूप मौखिक था। धीरे-धीरे इसका लिखित रूप बना। भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है। विश्व में सैकड़ों भाषाएँ बोली जाती हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी लिपि है। विश्व में कामकाज और संपर्क के लिए English सबसे अधिक प्रयुक्त होती है। यह रोमन लिपि (Roman script) में लिखी जाती है।

वह शास्त्र जिससे भाषा के शुद्ध रूप और उसके प्रयोग का ज्ञान होता है, उसे grammar (व्याकरण) कहते हैं। भाषा की उपयुक्त जानकारी के लिए grammar का अध्ययन नि:सन्देह बहुत उपयोगी है।

### भाषा कैसे बनती है?

भाषा निम्नलिखित भागों से बनती है—

Letter → Word → Sentence → Paragraph → Language

**1. Letter (अक्षर)**

Letter किसी भी भाषा की सबसे छोटी unit (इकाई) होती है। अंग्रेजी भाषा में A से लेकर Z तक कुल 26 letters होते हैं। इन्हें English Alphabet कहते हैं। Letters को दो भागों में बाँटा गया है—

(a) Vowels (स्वर)—English alphabet में पाँच अक्षरों—A, E, I, O, U को vowels कहा जाता है।

(b) Consonants (व्यंजन)—उपर्युक्त पाँच vowels को छोड़कर शेष सभी letters को consonants कहते हैं; जैसे—B, C, D ........ आदि। इनकी संख्या 21 होती है।

**2. Word (शब्द)**

दो या दो से अधिक letters से मिलकर words बनते हैं। इनका अपना कोई अर्थ होता है; जैसे—an, cup, boy, water, apple, book, etc.

**3. Sentence (वाक्य)**

दो या दो से अधिक words से मिलकर sentence बनते हैं; जैसे—

1. He reads the textbook.
2. I love my younger sister.

इस प्रकार कोई भी वाक्य शब्दों का समूह होता है और उसका अर्थ पूर्ण व स्पष्ट होता है।

**4. Paragraph (गद्यांश)**

अनेक वाक्यों से मिलकर paragraph बनता है।

5. **Language (भाषा)**

एक या एक से अधिक paragraph से मिलकर भाषा बनती है।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. To learn any language, it is necessary to acquire the knowledge of its :
   (a) letters ☐ (b) grammar ☐ (c) writing ☐ (d) sentences ☐
2. Which is the smallest unit of a language?
   (a) Consonant ☐ (b) Word ☐ (c) Vowel ☐ (d) Letter ☐
3. Many sentences together make a :
   (a) paragraph ☐ (b) language ☐ (c) letter ☐ (d) None of these ☐
4. One or more than one paragraph together make a :
   (a) word ☐ (b) language ☐ (c) sentence ☐ (d) All of these ☐
5. T, Q and V are :
   (a) words ☐ (b) vowels ☐ (c) paragraphs ☐ (d) consonants ☐

II. State whether True or False :

1. To learn any language, the knowledge of grammar is must. ..............................
2. In English alphabet, five letters a, e, i, o and u are called consonants. ..............................
3. A sentence is a group of words which has a complete meaning. ..............................
4. Paragraph is not a part of grammar. ..............................
5. There are 21 vowels. ..............................

# 2 The Sentence

## (वाक्य)

जब हम कुछ कहते हैं या लिखते हैं तो अपनी बातों को शब्दों के समूह के रूप में व्यक्त करते हैं। ऐसा करने के लिए हमें शब्दों के समूह को ऐसे क्रम में रखना होता है जिससे हमारी बात को सुनने वाला या पढ़ने वाला भली प्रकार समझ जाए।

| | |
|---|---|
| 1. Open the door, please. | 1. कृपया दरवाजा खोल दीजिए। |
| 2. Hardik has a bat. | 2. हार्दिक के पास बैट है। |
| 3. What a beautiful sight! | 3. कितना सुन्दर दृश्य है! |
| 4. Where are you going? | 4. आप कहाँ जा रहे हो? |

शब्दों का ऐसा समूह जिसका पूर्ण अर्थ होता है, sentence कहलाता है।
*(A sentence is a group of words which makes complete sense.)*

## KINDS OF SENTENCES (वाक्यों के भेद)

Sentence सामान्यतया निम्न प्रकार के होते हैं—

1. Assertive Sentence (निश्चयात्मक वाक्य)
   (a) Affirmative Sentence (स्वीकारात्मक वाक्य)
   (b) Negative Sentence (निषेधात्मक वाक्य)
2. Interrogative Sentence (प्रश्नवाचक वाक्य)
3. Imperative Sentence (आदेशात्मक वाक्य)
4. Exclamatory Sentence (विस्मयादिबोधक वाक्य)

### 1. Assertive Sentence (निश्चयात्मक वाक्य)

ऐसा वाक्य जिससे किसी बात के स्वीकार किये जाने अथवा इंकार किये जाने का निश्चित भाव प्रकट हो, assertive sentence कहलाता है। इसके निम्नलिखित दो भाग होते हैं—

(a) Affirmative Sentence (स्वीकारात्मक वाक्य)—ऐसा वाक्य जिससे भावात्मक सूचना प्रकट हो अर्थात् किसी बात को स्वीकार किये जाने का भाव प्रकट होता हो, affirmative या positive sentence कहलाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| 1. Navya is a good girl. | नव्या एक अच्छी लड़की है। |
| 2. Amisha had a pencil. | अमीशा के पास एक पेंसिल थी। |
| 3. He will write an essay. | वह एक निबंध लिखेगा। |

(b) Negative Sentence (निषेधात्मक वाक्य)—ऐसा वाक्य जिससे किसी कार्य या बात का निषेध प्रकट हो अर्थात् किसी कार्य के न होने का भाव प्रकट होता हो, negative sentence कहलाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| 1. She does not make noise. | वह शोर नहीं करती है। |
| 2. They were not playing. | वे खेल नहीं रहे थे। |
| 3. He will not help me. | वह मेरी सहायता नहीं करेगा। |

### 2. Interrogative Sentence (प्रश्नवाचक वाक्य)

ऐसा वाक्य जिससे किसी वस्तु, व्यक्ति या बात के विषय में प्रश्न पूछे जाने का भाव प्रकट होता हो, interrogative sentence कहलाता है। इसे question form भी कहते हैं; जैसे—

1. Do you play football?  क्या तुम फुटबॉल खेलते हो?
2. What are you eating?  आप क्या खा रहे हैं?

**Remember**

Interrogative sentence के अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न '?' का प्रयोग होता है।

## 3. Imperative Sentence (आदेशात्मक वाक्य)

ऐसा वाक्य जिससे आज्ञा, निवेदन, उपदेश या प्रार्थना का भाव प्रकट हो, imperative sentence कहलाता है; जैसे—

1. Sit down.  बैठ जाइए।
2. Be silent please.  कृपया शांत रहिए।
3. Do not pluck the flower.  फूल मत तोड़िए।

**Remember**

ऐसे वाक्यों में कर्ता (subject) 'You' सदैव छिपा (understood) होता है।

## 4. Exclamatory Sentence (विस्मयादिबोधक वाक्य)

ऐसा वाक्य जिससे मन की हर्ष, शोक, आश्चर्य आदि भावनाएँ प्रकट हों, exclamatory sentence कहलाता है; जैसे—

1. What a fine weather!  कितना सुहावना मौसम है!
2. Alas! He is no more.  हाय! वह नहीं रहा।

**Remember**

Exclamatory sentence में विस्मयादिबोधक चिह्न '!' का प्रयोग होता है।

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : (Multiple Choice Questions)

1. A group of words which makes complete sense is called :
   (a) a sentence ( ) (b) a phrase ( ) (c) a paragraph ( ) (d) a clause ( )
2. A sentence that requests or commands is called an :
   (a) imperative sentence ( ) (b) assertive sentence ( )
   (c) exclamatory sentence ( ) (d) interrogative sentence ( )
3. 'We did not know what he needed.' The correct affirmative of this sentence is :
   (a) We know what he needed. ( ) (b) We does know what he needed. ( )
   (c) We know what he needed. ( ) (d) We do know what he needed. ( )
4. An interrogative sentence ends with a :
   (a) question mark ( ) (b) colon ( )
   (c) comma ( ) (d) full stop ( )

II. Identify the type of following sentences and write as given.

1. He is a rich man. ..........Affirmative..........
2. What do you read? ..............................
3. What is your name? ..............................
4. She is not singing. ..............................
5. Please come here. ..............................

# 3 Parts of a Sentence

## (वाक्य के भाग)

जब हम किसी वाक्य की रचना करते हैं तो सबसे पहले हम किसी व्यक्ति या वस्तु का उल्लेख करते हैं और फिर उस व्यक्ति या वस्तु के विषय में कुछ बताते हैं; जैसे—

Virat sings. They play a game.

इस प्रकार प्रत्येक sentence के दो भाग होते हैं—

1. Subject (कर्त्ता) और 2. Predicate (विधेय)।

### 1. Subject (कर्त्ता)

वाक्य में जो कार्य करने वाला होता है अथवा जिस व्यक्ति, वस्तु या स्थान आदि के विषय में कुछ कहा जाए, उसे subject कहते हैं; जैसे—

1. Roy plays hockey.
2. Birds fly.
3. Her brother came to my home.
4. The dogs are barking.

इन वाक्यों में रंगीन छपे शब्द subject हैं।

***Remember***

**Subject जानने की विधि—**

Verb (क्रिया) से पहले कौन अथवा किसने (who) लगाकर प्रश्न करने पर जो शब्द उत्तर में आता है, वह subject होता है; जैसे—

Roy plays hockey. रॉय हॉकी खेलता है।

**प्रश्न**—हॉकी कौन खेलता है?

**उत्तर**—Roy

(इस प्रकार Roy इस वाक्य का subject हुआ।)

### 2. Predicate (विधेय)

Subject के संबंध में जो कुछ कहा जाए उसे predicate कहते हैं अथवा subject को छोड़कर वाक्य का शेष भाग predicate कहलाता है। वाक्य का अर्थ verb पर ही निर्भर करता है। इसलिए इसका वाक्य में सर्वाधिक महत्त्व है। यही भाग predicate होता है; जैसे—

1. Shivam went.
2. My mother loves me.
3. She gave me a pen.
4. He is a doctor.

उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन छपे भाग predicate हैं। इनसे स्पष्ट होता है कि—

1. कुछ वाक्यों में predicate (विधेय) केवल Verb (क्रिया) है। (उदाहरण 1 में went)

2. कुछ वाक्यों में predicate (विधेय) में दो शब्द होते हैं। इनमें एक शब्द verb (क्रिया) है और दूसरा शब्द क्रिया का Object (कर्म) है। (उदाहरण 2 में loves क्रिया है और me कर्म)

3. कुछ वाक्यों में predicate (विधेय) में verb के साथ दो objects (कर्म) हैं—पहला indirect object (सजीव) और दूसरा direct object (निर्जीव)। [उदाहरण 3 में verb (gave) के साथ indirect object (me) और direct object (a pen) हैं।]

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. A sentence is made of :
   (a) the predicate only ☐ (b) the verb only ☐
   (c) the subject only ☐ (d) Both (a) & (c) ☐
2. 'Come here.' Which of the following subjects is mentioned here?
   (a) You ☐ (b) She ☐ (c) He ☐ (d) It ☐
3. The predicate in a sentence may have .......................... with it.
   (a) a complement ☐ (b) a verb ☐
   (c) an object ☐ (d) All of these ☐

II. Choose the subject and predicate of each of the following sentences and write its parts :

1. The wind blew hard last evening. ..........................................
2. Mr Singh teaches us English. ..........................................
3. She comes late everyday. ..........................................
4. He never comes late. ..........................................
5. She lost her way. ..........................................
6. We do not go to school on Sunday. ..........................................
7. The monkey climbed the tree. ..........................................
8. I play badminton everyday. ..........................................

III. Add suitable predicates/subjects from the box to complete the sentences :

❍ is the heart of a home ❍ Kolkata ❍ The classrooms and hostels ❍ is going for a picnic ❍ are essential qualities in a leader ❍ The Principal ❍ The tiger ❍ will not be taken back

1. .......................................................... chased the frightened deer.
2. .......................................................... will be painted in the summer.
3. Goods once sold ..........................................................
4. .......................................................... is situated on the Hooghly river.
5. Honesty and kindness ..........................................................
6. The kitchen ..........................................................
7. .......................................................... always encourages the students.
8. Our class ..........................................................

# 4 The Noun
## (संज्ञा)

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए—

1. Sardar Patel was a great leader.
2. My umbrella is yellow.
3. Kolkata is a big city.

Sardar Patel एक विशेष व्यक्ति का नाम है। Umbrella एक वस्तु का नाम है। Kolkata एक स्थान (नगर) का नाम है।

ये सभी शब्द naming words हैं और किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्त करते हैं। अतः इन सभी शब्दों को noun कहते हैं।

Noun (संज्ञा) वे शब्द होते हैं जिनसे किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध होता है; जैसे— लड़का, शिवम, कोलकाता, पेंसिल आदि।

*(A noun is the name of a person, place or thing; e.g. boy, Shivam, Kolkata, pencil, etc.)*

### KINDS OF NOUN (संज्ञा के भेद)

Noun के पाँच भेद होते हैं?

**1. Proper Noun (व्यक्तिवाचक संज्ञा)**

जो noun किसी विशेष, व्यक्ति या स्थान का ज्ञान कराएँ, उन्हें proper noun कहते हैं; जैसे—Virat, Godavari आदि।

**2. Common Noun (जातिवाचक संज्ञा)**

जो noun किसी एक जाति की सभी वस्तुओं अर्थात् व्यक्ति, स्थान या वस्तु का ज्ञान कराएँ, उन्हें common noun कहते हैं; जैसे—boy, city, grass, water, book आदि।

**3. Material Noun (पदार्थवाचक संज्ञा)**

जो वस्तुएँ जमीन से निकाली जाती हैं या जिनसे कोई अन्य वस्तु बनाई जाए, उन्हें material noun कहते हैं; जैसे—copper, iron आदि।

**4. Collective Noun (समूहवाचक संज्ञा)**

जिन noun से एक जैसी अनेक वस्तुओं या व्यक्तियों के समूह का बोध हो, उन्हें collective noun कहते हैं; जैसे—mob, army, crowd, group आदि।

**5. Abstract Noun (भाववाचक संज्ञा)**

जिन noun से उनके गुण, अवस्था या भाव का बोध हो तथा वे दिखाई न दें किंतु उनका अनुभव किया जा सके, उन्हें abstract noun कहते हैं; जैसे—air, honesty, kindness, warmth आदि।

आजकल noun के kinds को निम्न प्रकार से भी विभाजित किया जाता है—

**Nouns**

- **1. Proper Noun**
  Hardik, Lucknow, Mahanadi
- **1. Common Noun**
  boy, book, village
  - **Countable Noun**
    - **Concrete Noun ( मूर्त वस्तु )**
      trees, hair, toys
    - **Abstract Noun ( अमूर्त वस्तु )**
      joys, virtues
  - **Uncountable Noun या Mass Noun**
    - **Concrete Noun**
      wood, silver, milk, marble
    - **Abstract Noun**
      honesty, happiness, courage, truth

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Which noun always begins with a capital letter?
   (a) Proper noun ☐ (b) Abstract noun ☐
   (c) Material noun ☐ (d) Common noun ☐
2. Birbal was known for his <u>wisdom</u>. The underlined word is :
   (a) a common noun ☐ (b) an abstract noun ☐
   (c) a material noun ☐ (d) a proper noun ☐
3. A group of robbers or thieves is called :
   (a) an audience ☐ (b) a crew ☐ (c) an assembly ☐ (d) a gang ☐
4. There was a huge crowd of people at the exhibition. In this sentence, the noun is :
   (a) exhibition ☐ (b) crowd ☐ (c) people ☐ (d) All of these ☐
5. The cow gives us milk. 'Milk' is the name of a :
   (a) thing ☐ (b) animal ☐ (c) place ☐ (d) person ☐
6. The best period of a man's life is ______________.
   Fill in the blank with the suitable abstract noun.
   (a) childrenhood ☐ (b) childhoody ☐ (c) childhood ☐ (d) childly ☐

II. Underline the nouns in the following sentences and write their kinds :

1. <u>Saumya</u> drinks <u>milk</u>. ......Proper Noun...... ......Material Noun......
2. Grapes are sour. ............................ ............................

3. This is a bunch of grapes. .......................................... ..........................................
4. Tea is hot. .......................................... ..........................................
5. Why is there noise? .......................................... ..........................................
6. The teacher speaks the truth. .......................................... ..........................................
7. The boy is in the class. .......................................... ..........................................
8. Gold is a metal. .......................................... ..........................................
9. Police fired at the crowd. .......................................... ..........................................
10. Kolkata is a big city. .......................................... ..........................................

III. A list of nouns is given below. Fill them in the blanks in the following sentences :

*bridge, temper, friend, colony, beauty, desks, flag, Prime Minister, team, cards, rally, zoo, Taj, honesty, Piyush, wood, sister, engineer, Indians, mother*

1. He always loses his .......................... .
2. My .......................... is the head of the .......................... of doctors.
3. My .......................... calls our dog .......................... .
4. .......................... are proud of their .......................... .
5. .......................... is the best policy.
6. I like the .......................... of the .......................... .
7. These .......................... are made of .......................... .
8. Our .......................... is always neat and clean.
9. My .......................... sends me greeting .......................... every year.
10. The .......................... will address a .......................... of workers.
11. Last month I visited the .......................... in Delhi.
12. Which .......................... can build this .......................... ?

## NUMBER OF NOUN (वचन)

किसी noun के number (वचन) से यह पता लगता है कि वह noun एक है या एक से अधिक। अत: संख्या के आधार पर nouns को दो भागों में बाँटा गया है—



boy



boys

**1. Singular Number (एकवचन संज्ञा)**

जिन nouns से केवल एक व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उन्हें singular number कहते हैं; जैसे—boy, girl, dog, pen, town, house आदि।

**2. Plural Number (बहुवचन संज्ञा)**

जिन nouns से एक से अधिक व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उन्हें plural number कहते हैं; जैसे— boys, girls, dogs, pens, towns, houses आदि।

**एकवचन (Singular) से बहुवचन (Plural) बनाने के सरल नियम**

1. साधारणतः एकवचन (singular) noun में s या es लगाने से वह बहुवचन noun बन जाता है; जैसे— girl = girls, fox = foxes आदि।

2. वह noun जिसके अंत में y हो और y से पूर्व कोई vowel दिया हो, तो उसको plural बनाने के लिए उसमें s जोड़ देते हैं; जैसे—boy = boys.

3. Noun के अंत में y और y से पहले कोई consonant हो तो 'y' को हटाकर ies जोड़ देते हैं; जैसे— city = cities.

4. एकवचन noun के अंत में f या fe होने पर उन्हें हटाकर उनके स्थान पर ves जोड़कर plural बनाते हैं, किंतु कुछ संज्ञाओं के अंत में मात्र s जोड़कर भी plural बनाते हैं; जैसे—calf = calves, knife = knives, roof = roofs.

यहाँ बहुधा प्रयोग होने वाली कुछ संज्ञाओं के एकवचन तथा बहुवचन दोनों रूप दिये जा रहे हैं। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़िए और याद कीजिए—

| Singular | Plural | Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|---|---|
| ring | rings | cock | cocks | rabbit | rabbits |
| dog | dogs | shirt | shirts | engine | engines |
| soldier | soldiers | enemy | enemies | star | stars |
| factory | factories | snake | snakes | fox | foxes |
| story | stories | frog | frogs | friend | friends |
| goat | goats | grief | griefs | ball | balls |
| army | armies | insect | insects | mango | mangoes |
| lion | lions | bee | bees | bird | birds |
| knife | knives | boy | boys | cat | cats |
| parrot | parrots | bush | bushes | pot | pots |
| coach | coaches | potato | potatoes | | |

***Remember***

कुछ nouns के singular तथा plural दोनों रूप समान होते हैं; जैसे— deer, sheep, hair आदि।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. The plural of calf is :
   (a) calve ☐ (b) calfes ☐ (c) calves ☐ (d) calfs ☐

2. Which of the following nouns is always used with a plural verb?
   (a) Furniture ☐ (b) Army ☐ (c) Bush ☐ (d) Car ☐

3. Which of these nouns takes only -s to form its plural?
   (a) Chief ☐ (b) Leaf ☐ (c) Half ☐ (d) Wolf ☐

4. Which of the following nouns has the same form in singular and plural numbers?

(a) Deer ☐ (b) Man ☐ (c) Child ☐ (d) Baby ☐

Fill up the singular or plural forms of the following nouns in the blanks.

| Singular | Plural | Singular | Plural |
|---|---|---|---|
| day | .......... | .......... | books |
| horse | .......... | chair | .......... |
| .......... | pencils | monkey | .......... |
| .......... | girl | box | .......... |
| cup | .......... | .......... | knives |

Fill in the blanks with one of the words given in the brackets.

1. His office is full of new .......... *(furniture/furnitures)*
2. He purchased four .......... pencils. *(dozen, dozens)*
3. Bread and milk .......... my favourite food. *(is, are)*
4. Twenty .......... are standing there. *(deer, deers)*
5. .......... is a dangerous disease. *(Measle, Measles)*
6. A .......... made a hole in the field. *(mouse, mice)*
7. Her .......... are very dirty. *(teeth, tooth)*
8. Comb your .......... *(hair, hairs)*
9. I have written many .......... *(poetries, poems)*
10. Where .......... my scissors? *(is, are)*

## GENDER OF NOUN (लिंग)

Gender (लिंग) किसी noun के विषय मे यह बताता है कि वह noun पुरुष जाति का, स्त्री जाति का या निर्जीव है। अंग्रेजी भाषा मे gender चार होते हैं। जो इस प्रकार है—


Boy


Girl


Child


House

**1. Masculine Gender (पुल्लिंग)**

जब किसी noun से पुरुष जाति का बोध हो तब वह masculine gender होता है; जैसे—boy, dog, man, horse आदि।

**2. Feminine Gender (स्त्रीलिंग)**

जब किसी noun से स्त्री जाति का बोध हो तब वह feminine gender होता है; जैसे—girl, bitch, woman, mare आदि।

### 3. Common Gender (उभयलिंग)

कुछ nouns ऐसे होते हैं जिनका प्रयोग पुरुष जाति एवं स्त्री जाति दोनों के लिए होता है, उन्हें common gender कहते हैं; जैसे—friend, enemy, child, student आदि।

### 4. Neuter Gender (नपुंसकलिंग)

जो nouns निर्जीव वस्तु के लिए प्रयोग होते हैं, उन्हें neuter gender की श्रेणी में रखा जाता है; जैसे—pen, pencil, book, table, house आदि।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. The noun that denotes a female sex is said to be of .......................... gender.
   (a) feminine ☐ (b) masculine ☐ (c) neuter ☐ (d) common ☐
2. The masculine gender of 'niece' is :
   (a) nephew ☐ (b) stepson ☐ (c) uncle ☐ (d) cousin ☐
3. Non-living objects are called the .......................... gender.
   (a) feminine ☐ (b) common ☐ (c) neuter ☐ (d) masculine ☐
4. The teacher taught the students sincerely. The coloured word is of .......................... gender.
   (a) masculine ☐ (b) common ☐ (c) neuter ☐ (d) feminine ☐

II. Fill up the gender in the given blanks:

| | | | |
|---|---|---|---|
| lioness | .......................... | father | .......................... |
| bullock | .......................... | baby | .......................... |
| hunter | .......................... | king | .......................... |
| scooter | .......................... | cow | .......................... |
| queen | .......................... | mother | .......................... |
| uncle | .......................... | sister | .......................... |
| room | .......................... | inkpot | .......................... |
| princess | .......................... | player | .......................... |

III. Underline the error and rewrite the sentences :

1. The birdwatcher took out his binocular to look at the peacock.
2. The deers are grazing in the pasture.
3. This scissor is very sharp.
4. My brother wore a black trouser.
5. The woman coloured her hairs.
6. She is wearing a smart spectacle.

## THE POSSESSIVE FORMS OF NOUN (संज्ञा का संबंधवाचक रूप)

जब किसी एक noun का दूसरे noun पर अधिकार (possession) या संबंध प्रकट किया जाए, तब जिस noun का अधिकार हो उसमें comma (कॉमा) तथा **s** का उपयोग करते हैं; उदाहरण देखें—



1. Virat's dog.



2. Hardik's pen.



3. Children's book.



4. Girls' dress.

उपर्युक्त उदाहरणों को देखकर ज्ञात होगा कि—

1. अधिकार या संबंध प्रकट करने के लिए singular noun के अंतिम अक्षर के ऊपर comma (') लगाते हैं, फिर s. इस प्रकार के comma तथा s को apostrophe s ('s) कहते हैं; जैसे—उदाहरण 1 व 2.
2. यदि किसी noun का plural form बिना s के बना हो तब उसमें भी comma तथा s का प्रयोग करते हैं; जैसे— उदाहरण 3.
3. यदि किसी noun का plural form s जोड़कर बना हो तब उसमें अंतिम अक्षर के ऊपर केवल comma (') लगाते हैं और s नहीं लगाते हैं; जैसे—उदाहरण 4.

## THE POSSESSIVE FORMS OF PRONOUNS (सर्वनाम का संबंधवाचक रूप)

दिए गए चित्रों को ध्यान से देखिए तथा वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को पढ़िए—



1. My cycle is new.



2. Our TV is old.



3. His dog is faithful.



4. Her carpet is woollen.

ऊपर के वाक्यों में रंगीन छपे शब्द भी possessive forms हैं। चूँकि यह personal pronoun से बने हैं, अतः इन्हें personal pronoun की possessive forms कहते हैं। इनको determiners भी कहा जाता है। इनके बाद noun का प्रयोग अवश्य होता है।

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. We use apostrophe *s* when :
   (a) a lifeless thing is personified or dignified ☐
   (b) the possessor is a person or an animal ☐
   (c) the possessor is a person only ☐
   (d) All of these ☐
2. When do we put an *'s* in the names of titles or a noun having more than one word?
   (a) In the middle of the two words ☐ (b) With the last word ☐
   (c) With both the words ☐ (d) With the first word ☐
3. A noun or pronoun used as the object of a verb is in the :
   (a) possessive case ☐ (b) objective case ☐
   (c) nominative case ☐ (d) None of these ☐

II. Study the following examples and use apostrophe *'s* in the sentences given below :

उदाहरण—

1. a. Rohan has a house. b. His house is very big.
2. Rohan's house is very big.

1. My aunt has a stick.
   Her stick is very light. ..............................
2. I live in a house.
   This house belongs to my grandfather. ..............................
3. Saumya has few books.
   Her books are interesting. ..............................
4. Rohan wears clothes.
   His clothes are dirty. ..............................
5. His father has a jacket.
   His jacket is black. ..............................

III. Fill in the blanks with appropriate determiners :

1. .......................... jovial nature has endeared him to one and all.
2. .......................... school library needs to be expanded to stock more books.
3. .......................... handwriting is the best in the class.
4. .......................... way of speaking is very impressive.
5. .......................... colourful dress was the centre of attraction at the get-together.

# 5 The Pronoun

## (सर्वनाम)

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए—



1. Virat is a boy.
   He is playing.



2. Tanvi is a girl.
   She is reading.



3. The boys are in the class.
   They are reading.



4. Aalia is a girl.
   You are her brother.



5. Shivam is my friend.
   I love him.



6. This is a watch.
   It is mine.

उपर्युक्त वाक्य संख्या 1 में He का प्रयोग Virat (noun) के लिए, वाक्य संख्या 2 में She का प्रयोग Tanvi (noun) के लिए, वाक्य 3 में **They** का प्रयोग boys (noun) के लिए, वाक्य 4 में **You** का प्रयोग brother (noun) के लिए और **her** का प्रयोग Aalia (noun) के लिए तथा वाक्य 5 में I का प्रयोग किसी व्यक्ति के लिए तथा him का प्रयोग Shivam (noun) के लिए एवं वाक्य 6 में It का प्रयोग किसी वस्तु (watch) के लिए हुआ है। ये सभी शब्द pronoun हैं।

जो शब्द किसी noun के स्थान पर बोले जाएँ या किसी noun के लिए प्रयोग हों, उन्हें pronoun (सर्वनाम) कहते हैं।

*(A pronoun is a word, which is used in place of a noun.)*

### KINDS OF PRONOUN (सर्वनाम के प्रकार)

Pronoun (सर्वनाम) 9 प्रकार के होते हैं—

1. Personal Pronoun (पुरुषवाचक सर्वनाम)
2. Reflexive Pronoun (निजवाचक सर्वनाम)
3. Demonstrative Pronoun (संकेतवाचक सर्वनाम)
4. Interrogative Pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम)
5. Indefinite Pronoun (अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

6. Distributive Pronoun (विभागसूचक सर्वनाम)
7. Relative Pronoun (संबंधसूचक सर्वनाम)
8. Emphatic Pronoun (दृढ़तावाचक सर्वनाम)
9. Reciprocal Pronoun (परस्परवाचक सर्वनाम)

यहाँ पर हम प्रथम चार प्रकार के pronouns का विस्तार से वर्णन करेंगे।

**1. Personal Pronoun (व्यक्तिवाचक सर्वनाम)**

जो pronoun किसी व्यक्ति या वस्तु के स्थान पर प्रयोग किये जाएँ, उन्हें personal pronouns कहते हैं; जैसे—

1. The people clapped. They were watching the cricket match.
2. Hardik is absent. He is ill.
3. The book is on the table. It is new.
4. The lady is happy. She received some good news.

उपर्युक्त वाक्यों में **He** का प्रयोग एक पुरुष के लिए, **She** का प्रयोग एक स्त्री के लिए, **They** का प्रयोग एक से अधिक व्यक्तिओं के लिए तथा **It** का प्रयोग एक बेजान वस्तु के लिए हुआ है। अतः **personal pronoun** का प्रयोग स्त्री, पुरुष तथा वस्तुओं के लिए होता है।

**Persons**

Personal pronouns को तीन persons में विभाजित किया जाता है—







1. Personal pronoun of the first person — I, We
2. Personal pronoun of the second person — You
3. Personal pronoun of the third person — He, She, It, They

इस प्रकार persons तीन होते हैं—

1. First Person (उत्तम पुरुष)—जब कोई बात कहने वाला व्यक्ति अपने लिए किसी pronoun का प्रयोग करे, तब वह pronoun of first person के अंतर्गत आता है। इसमें एकवचन में I और बहुवचन में We का प्रयोग होता है।

2. Second Person (मध्यम पुरुष)—बात करने वाला व्यक्ति जिस व्यक्ति से बात करता है और वह व्यक्ति उसके सामने होता है तब वह pronouns of second person के अंतर्गत आता है। एकवचन तथा बहुवचन दोनों के लिए You का प्रयोग होता है।

3. Third Person (अन्य पुरुष)—वक्ता जिन व्यक्तियों के विषय में बात करता है और वे प्राय: वक्ता के सामने नहीं होते, ऐसे व्यक्तियों के लिए प्रयोग होने वाले pronoun of third person के अंतर्गत आते हैं। इनमें एकवचन में He, She, It तथा बहुवचन में They का प्रयोग होता है।

Personal pronoun का प्रयोग तीन प्रकार से हो सकता है—(1) subject (कर्त्ता) के स्थान पर, (2) object (कर्म) के स्थान पर और (3) अधिकार प्रकट करने या अपने की अंग्रेजी के लिए।

इस प्रकार इनके तीनों रूपों को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है—

| Person | Subject<br>कर्त्ता | Object<br>कर्म | Possessive form<br>अधिकार प्रकट करने के लिए |
|---|---|---|---|
| First Person | I = मैं, मैंने<br>We = हम, हमने | Me = मुझे, मुझको<br>Us = हमें, हमको | My = मेरा, अपना<br>Our = हमारा, अपना |
| Second Person | You = तुम, तुमने, आप, आपने | You = तुम्हें, तुमको, आपको | Your= तुम्हारा, आपका, अपना |
| Third Person | He = वह, उसने (पुरुष के लिए)<br>She = वह, उसने (स्त्री के लिए)<br>They= वे, उन्होंने<br>It = यह, इसने (निर्जीव, कीड़े-मकोड़े, पशु-पक्षी के लिए) | Him = उसे, उसको<br>Her = उसे, उसको<br>Them= उनको<br>It = इसे | His = उसका, अपना<br>Her = उसका, अपना<br>Their= उनका, अपना<br>Its = इसका |

## 2. Reflexive Pronoun (निजवाचक सर्वनाम)

My, your, him, her और it के बाद -self जोड़ने से और our, your और them के पश्चात् -selves जोड़ने से myself, yourself, himself, herself, itself तथा ourselves, yourselves, themselves सर्वनाम बनते हैं। इन्हें reflexive pronouns कहते हैं।

इन सर्वनामों को reflexive pronoun उस समय कहते हैं जब subject का किया हुआ काम किसी दूसरे पर न पड़कर स्वयं अपने पर ही आकर पड़े; जैसे—

1. I dressed myself.
2. You will dress yourself.
3. He ate himself.
4. We ate ourselves.
5. They dressed themselves.

## 3. Demonstrative Pronoun (संकेतवाचक सर्वनाम)

वे शब्द, जो उन वस्तुओं की ओर संकेत करते हैं जिनको वे सूचित करते हैं, demonstrative pronouns कहलाते हैं; जैसे—

1. This is a box.
2. That is a house.
3. These are good boys.
4. Those are tasty apples.

**Note :** अत: this, that, these, those demonstrative pronouns हैं।

## 4. Interrogative Pronoun (प्रश्नवाचक सर्वनाम)

वे शब्द, जो प्रश्न पूछने का कार्य करते हैं, interrogative pronouns कहलाते हैं; जैसे—

1. What do you mean?
2. Where are you?
3. Whom do you want?
4. Which are your magazines?

What, where, whom, which प्रश्न पूछने का कार्य करते हैं। इन्हें interrogative pronouns कहते हैं

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. We must embolden ourselves during times of crisis.
   The pronoun 'ourselves' in the above sentence is a :
   (a) Demonstrative Pronoun ☐ (b) Interrogative pronoun ☐
   (c) Personal Pronoun ☐ (d) Reflexive pronoun ☐
2. This is the girl ........................ I met yesterday.
   (a) what ☐ (b) whose ☐ (c) whom ☐ (d) which ☐
3. Jaya and Payal are two friends. ........................ play together.
   (a) She ☐ (b) Their ☐ (c) They ☐ (d) Hers ☐
4. ........................ was the winner in the class?
   Which interrogative pronoun will fill in the blank correctly?
   (a) How ☐ (b) Which ☐ (c) Who ☐ (d) What ☐
5. The pronoun used for the second person is :
   (a) they ☐ (b) I ☐ (c) you ☐ (d) he ☐
6. A word used in place of a noun is called :
   (a) a verb ☐ (b) an adjective ☐ (c) a pronoun ☐ (d) an adverb ☐
7. Can you lend ........................ your pen for a while?
   (a) your ☐ (b) it ☐ (c) my ☐ (d) me ☐

II. Fill up the blanks with appropriate personal pronoun in each sentence :

***Example :*** This is a table. **It** is very big.

1. Manu is my student. I shall teach ........................ .
2. This is a book. ........................ is very interesting.
3. Sohan is a teacher. ........................ is young.
4. Dhruv is my friend. ........................ is a good player.
5. Aman is in America. ........................ shall go to him.
6. This is a parrot. ........................ is green.
7. Where are my shoes? ........................ are black.
8. This is a girl. ........................ is dancing.

9. This is a mango. .......................... is sweet.

10. Mr. Singh and Mr. Gupta are teachers. .......................... respect them.

III. Fill in the blanks with personal pronoun :

1. Please give .......................... your opinion on these topics.
2. This book belongs to ........................ . ........................ bought ........................ at the book fair.
3. Tarun is a good boy, do you like .......................... ?
4. Vishal and Hari are brilliant students. .......................... have won many medals.
5. .......................... and .......................... always study together.
6. .......................... should speak the truth.
7. I like this pen. .......................... is better than your pen.

IV. Fill up the blanks of following sentences with the pronoun showing possession :

***Example :*** He respects .......................... teachers.

He respects his teachers.

1. Joya is washing .......................... clothes.
2. .......................... eyes are dirty.
3. A man walks with .......................... legs.
4. You may go to .......................... house.
5. Wash .......................... face daily.
6. She is knitting .......................... sweater.
7. I keep .......................... books clean.
8. I respect .......................... teachers.
9. We wash .......................... clothes.
10. They have done .......................... work.

V. Fill in the blanks of following sentences with reflexive pronouns, demonstrative pronouns and interrogative pronouns :

1. What is the matter? ..................................................
2. We did it ourselves. ..................................................
3. This is a new chair. ..................................................
4. He sang himself. ..................................................
5. Who is there? ..................................................
6. Which is your class? ..................................................
7. Those are good players. ..................................................
8. These are strange insects. ..................................................
9. That is a good question. ..................................................
10. The boys hid themselves. ..................................................

VI. Fill in the blanks with suitable interrogative pronouns :

1. .......................... did you say in answer to the question?
2. .......................... train goes to Kolkata?
3. .......................... is your staple diet?
4. .......................... is this book?
5. .......................... showed the way to school?
6. .......................... are you waiting for?
7. .......................... are late for the class today?

# 6 The Adjective

## (विशेषण)

निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए—



1. I have a black dog.
मेरे पास एक काला कुत्ता है।



2. You are a good man.
आप एक अच्छे आदमी हैं।



3. Hardik is a tall boy.
हार्दिक एक लंबा लड़का है।



4. Saumya is a gentle girl.
सौम्या एक सुशील लड़की है।

उपर्युक्त वाक्यों में **black** dog की; **good** man की; tall boy की तथा **gentle** girl की विशेषता बता रहे हैं, जबकि dog, man, boy तथा girl सभी nouns हैं। अत: विशेषता बताने वाले शब्द adjective (विशेषण) कहलाते हैं।

इस प्रकार एक adjective किसी noun या pronoun का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार आदि का वर्णन करता है।

जो शब्द किसी noun या pronoun की विशेषता बताते हैं, उन्हें adjective (विशेषण) कहते हैं।
*(An adjective is a word which says something about a noun or pronoun.)*

Adjective का प्रयोग (Use) दो प्रकार से किया जाता है—

**(a) Noun या pronoun से ठीक पहले—**

(i) This is a green shirt. (ii) She is a beautiful woman.

**(b) Noun या pronoun तथा adjective के बीच verb रखकर: (predicative use)—**

(iii) This shirt is green. (iv) That woman is beautiful.

## KINDS OF ADJECTIVE (विशेषण के भेद)

Adjective के निम्नलिखित भेद (प्रकार) होते हैं—

**1. Adjective of Quality (गुणवाचक विशेषण)**—वे शब्द जो अपने साथ आए noun के गुण, भेद या अवस्था (state) का वर्णन करते हैं, adjective of quality कहलाते हैं। इन्हें descriptive adjectives भी कहा जाता है; जैसे—

(i) Virat is a good player. (ii) My house is big.
(iii) He is an honest man.

2. **Proper Adjective** (व्यक्तिवाचक विशेषण) — [illegible] adjective [illegible] proper noun [illegible] noun [illegible], जैसे—

(i) He bought some of these toys. (ii) Indian army is very strong.

3. **Adjective of Quantity** (परिमाणवाचक विशेषण) — [illegible] adjective of quantity कहते हैं, जैसे—

(i) He drank little water. (ii) She has enough money.

(iii) They showed much courage.

4. **Adjective of Number or Numeral Adjective** (संख्यावाचक विशेषण) — [illegible] noun [illegible] adjective of number कहे जाते हैं, जैसे—

(i) I have three books. (ii) Many friends came to see yesterday.

5. **Demonstrative Adjective** (संकेतवाचक विशेषण) — [illegible] adjectives [illegible] demonstrative adjectives कहलाते हैं, जैसे—

(i) This girl is my friend. (ii) That toy is new.

(iii) These grapes are sweet. (iv) Those girls work hard.

6. **Interrogative Adjective** (प्रश्नवाचक विशेषण) — [illegible] noun [illegible] interrogative adjectives कहलाते हैं, जैसे—

(i) Whose book is this? (ii) What kind of a man is he?

(iii) Which fruit do you like the most?

7. **Distributive Adjective** (विभागसूचक विशेषण) — [illegible] adjective [illegible] distributive adjective कहलाते हैं, जैसे—

(i) Every girl is in her uniform. (ii) Each winner got a prize.

(iii) Either man will help you. (iv) Neither ball is good.

**Adjectives के वर्गीकरण को नीचे दिये Chart से भी समझा जा सकता है—**

**Kinds of Adjective**

1. Descriptive Adjective
   - (i) Adjective of Quality
   - (ii) Proper Adjective

2. Restrictive/Limiting Adjective
   - (i) Adjective of Quantity
   - (ii) Adjective of Number
   - (iii) Demonstrative Adjective
   - (iv) Interrogative Adjective
   - (v) Distributive Adjective

## DETERMINER (निर्धारक)

Determiner शब्द noun (head-word) से पहले आते हैं तथा noun के अर्थ (meaning) या उसके reference को निश्चित (fix) या सीमित (limit) करते हैं, अर्थात् वह noun की व्याख्या को सीमित करता

है। Determiner को determinatives या fixing words भी कहा जाता है। Determiner अपने बाद में आने वाले noun को 'modify' करता है।

**Noun का 'निश्चित' या 'सीमित' होना**—एक determiner, noun को किस प्रकार 'निश्चित' या 'सीमित' करता है, इस बात को समझने के लिए निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए—

(1) My house is large. (2) This boy was dancing.

वाक्य (1) में house शब्द noun (head-word) है। 'house' शब्द किसी भी घर या समस्त houses के लिए प्रयोग हो सकता है। अत: house शब्द का अर्थ बड़ा व्यापक है। परंतु house शब्द से पहले 'My' का प्रयोग यह निश्चित (fix) कर देता है कि house का तात्पर्य किस घर (house) से है।

वाक्य (2) में 'boy' (noun) शब्द किसी भी लड़के के लिए या सभी लड़कों के लिए प्रयोग हो सकता है। परंतु 'This boy' में 'This' शब्द यह निश्चित करता है कि boy शब्द किस लड़के के लिए प्रयोग हुआ है। इस प्रकार This (determiner), boy (noun) के अर्थ/संदर्भ को निश्चित करता है।

वह शब्द जो noun के अर्थ को निश्चित (fix) या सीमित (limit) करता है, Determiner कहलाता है। *(A determiner is the word that fixes, limits or determines the noun that follows it.)*

**Determiner की श्रेणी में आने वाले शब्द—**

(i) This, that, these, those—इन determiners को demonstratives भी कहा जाता है।


(ii) My, our, your, his, her, their, its—इन determiners को possessives या possessive forms of pronoun भी कहते हैं।

(iii) Some, any.

(iv) A, an, the—इन्हें articles भी कहा जाता है।

## DEGREES OF COMPARISON (तुलनात्मक अवस्थाएँ)

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक देखिए—



1. Hardik is a tall boy. 2. Hardik is taller than Sharad. 3. Hardik is the tallest boy.

दिए गए वाक्य संख्या 1 में tall शब्द Hardik नामक लड़के की विशेषता बता रहा है, वाक्य संख्या 2 में tall का रूप taller बन गया जो Hardik और Sharad की लंबाई की तुलना कर रहा है तथा वाक्य संख्या 3 में tall का रूप tallest है जो Hardik को सभी लड़कों में सबसे लंबा बता रहा है; अत: tall, taller और tallest शब्द Hardik की लंबाई के गुण की तुलना कर रहे हैं अर्थात् उनकी लंबाई की तुलना कर रहे हैं। इस प्रकार की विशेषता की तुलना को adjective की degrees (degrees of comparison) कहते हैं।

Degrees तीन प्रकार की होती हैं—

1. **Positive Degree** : Adjective के मूल रूप को positive degree कहते हैं, जैसे – tall, small, old, big, bold आदि।

2. **Comparative Degree** : जब दो nouns या pronouns के किसी गुण की परस्पर तुलना की जाती है तब उसे comparative degree कहते हैं। इसे positive degree के adjective में er जोड़कर या उसके पूर्व more जोड़कर comparative degree में बदला जाता है, जैसे – taller, smaller, older, bigger, more beautiful आदि।

**Note** : Comparative degree में than का प्रयोग अवश्य होता है।

3. **Superlative Degree** : जब किसी noun या pronoun को उसके गुण के आधार पर सर्वोत्तम बताया जाता है तब उसे superlative degree कहते हैं। इसे positive degree के adjective में est जोड़कर या उसके पूर्व most लगाकर superlative degree में बदला जाता है, जैसे – tallest, smallest, oldest, biggest, most beautiful आदि।

**Note** : Superlative degree से पूर्व the का प्रयोग अवश्य होता है।

### कुछ मुख्य Adjectives की तीनों Degrees

| Positive Degree | | | Comparative Degree | Superlative Degree |
|---|---|---|---|---|
| big | – | बड़ा | bigger | biggest |
| bold | – | साहसी | bolder | boldest |
| brave | – | बहादुर | braver | bravest |
| bad | – | बुरा | worse | worst |
| cold | – | ठंडा | colder | coldest |
| cheap | – | सस्ता | cheaper | cheapest |
| clever | – | चालाक | cleverer | cleverest |
| dark | – | अंधेरा | darker | darkest |
| easy | – | आसान | easier | easiest |
| fat | – | मोटा | fatter | fattest |
| fast | – | तेज | faster | fastest |
| fine | – | अच्छा | finer | finest |
| great | – | महान | greater | greatest |
| good | – | अच्छा | better | best |
| hot | – | गर्म | hotter | hottest |
| happy | – | प्रसन्न | happier | happiest |
| heavy | – | भारी | heavier | heaviest |
| large | – | बड़ा | larger | largest |
| old | – | बूढ़ा | older | oldest |
| sweet | – | मीठा | sweeter | sweetest |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| small | = | छोटा | smaller | smallest |
| tall | = | लंबा | taller | tallest |
| weak | = | कमजोर | weaker | weakest |
| wise | = | बुद्धिमान | wiser | wisest |

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : (Multiple Choice Questions)

1. Which adjective tells us about the kind of a person or thing?
   (a) Adjective of number (b) Distributive adjective
   (c) Adjective of quantity (d) Adjective of quality
2. Interrogative adjective is used with nouns to :
   (a) ask a question (b) tell the quality
   (c) show possession (d) distribute the nouns separately
3. The original form of an adjective is its :
   (a) positive degree (b) comparative degree
   (c) superlative degree (d) None of these
4. She goes to ........................ school by the school bus.
   Which possessive adjective will be used as a determiner in the given sentence?
   (a) her (b) its (c) their (d) your
5. A determiner is a word that :
   (a) comes before a noun (b) identifies or specifies a noun
   (c) limits its meaning (d) All of these

II. Fill in the blanks with appropriate degree of adjectives given in the brackets :

1. June is the ........................ month. (hot
2. This box is ........................ . (heavy
3. She is a ........................ girl. (beautifu
4. My house is the ........................ house in the town. (smal
5. I shall buy ........................ books. (good
6. I have ........................ drinks. (cold
7. Mohini is ........................ than you. (old
8. This cloth is ........................ than that. (cheap
9. This is the ........................ of all songs. (sweet
10. January is the ........................ month of the year. (cu

# 7 Verb : To Be

## (Linking Verb)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए—

1. Rohan is an engineer. 2. I am a player. 3. Tanvi is gentle.
4. Raunaq was blind. 5. The boys are brave. 6. The girls were beautiful.

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे verb is, are, am, was, were कर्त्ता (subject) तथा पूरक (complement) के बीच कड़ी का काम करते हैं। अत: ये linking verbs कहलाते हैं।

**प्रयोग**—

(1) एकवचन संज्ञा तथा He एवं She के साथ present tense में is और past tense में was का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 1, 3, 4.

(2) बहुवचन संज्ञा तथा We, You एवं They के साथ present tense में are और past tense में were का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 5,6.

(3) यदि कर्त्ता I हो तब present tense में am और past tense में was का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 2.

ऐसे verbs, जो subject तथा complement के बीच कड़ी का काम करते हैं, linking verbs कहलाते हैं। ये is, are, am, was तथा were हैं। इनको verb का to be रूप भी कहते हैं।

**Complement ( पूरक )**—ये निम्न प्रकार के होते हैं—

(i) Noun Complement—जो पूरक शब्द verb के बाद प्रयोग हों और noun हों, उन्हें noun complement कहते हैं; जैसे—वाक्य 1, 2 में engineer तथा player.

(ii) Adjective complement—जो पूरक शब्द verb के बाद प्रयोग हों तथा adjective हों, उन्हें adjective complement कहते हैं; जैसे—वाक्य 4, 5 और 6 में blind, brave तथा beautiful.

जो शब्द किसी वाक्य में verb के बाद प्रयोग होकर verb के अर्थ को पूरा करें, उन्हें complement कहते हैं।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Linking verbs are called :

(a) complement ☐ (b) to be ☐
(c) subject ☐ (d) All of these ☐

2. Which linking verb is used with 'I'?

(a) is ☐ (b) are ☐ (c) we ☐ (d) am ☐

3. The lotus is <u>the national flower of India.</u>

The underlined words are :

(a) verb ☐ (b) subject ☐ (c) complement ☐ (d) None of these ☐

II. Fill in the blanks with linking verbs :

1. Your house .......................... big.
2. Your father .......................... weak.
3. The water .......................... cold.
4. This .......................... a letter.
5. You .......................... rich.
6. They .......................... miser.
7. This .......................... my book.
8. The dog .......................... a faithful animal.
9. He .......................... our monitor.
10. These books .......................... interesting.
11. My shirts .......................... new.
12. My teacher .......................... gentle.

III. Fill in the blanks with complements :

1. The trees are .......................... .
2. My house is .......................... .
3. Those girls are .......................... .
4. The soldiers are .......................... .
5. This is a .......................... .
6. This road is .......................... .
7. He is a .......................... .
8. This is your .......................... .
9. Her voice is .......................... .
10. They were .......................... .

# 8 Verb : Transitive or Intransitive

## (क्रिया : सकर्मक या अकर्मक)

पिछले अध्याय में आप पढ़ चुके हैं कि linking verb (is, are, am, was, were आदि) को अपना अर्थ पूरा करने के लिए complement की आवश्यकता होती है। Linking verb तथा complement मिलकर ही predicate भाग बनाते हैं।

दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए—



1. The baby sleeps.





2. The bus stopped.



3. I wrote a letter.



4. Rohan drank water.

दिए गए वाक्य संख्या 1 तथा 2 में क्रमशः **sleeps** और **stopped verb** हैं। इनके अर्थ स्वयं में पूर्ण हैं। इन्हें और किसी अन्य शब्द की आवश्यकता नहीं है और यही verbs predicate part बनाते हैं।

किंतु वाक्य संख्या 3 तथा 4 में क्रमशः **wrote** और **drank** ऐसे verbs हैं जिनका अर्थ स्वयं में पूर्ण नहीं है। इन्हें अपना अर्थ पूरा करने के लिए क्रमशः **letter** और **water object** की आवश्यकता पड़ती है। यह verb और object दोनों मिलकर predicate part बनाते हैं। अतः उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर क्रियाएँ (verbs) दो रूपों में होती हैं—

### 1. Intransitive Verb (अकर्मक क्रिया)

ऐसी क्रियाएँ जो स्वयं predicate part पूरा कर दें और उन्हें object की आवश्यकता न पड़े, उन्हें intransitive verbs कहते हैं; जैसे—वाक्य 1 तथा 2 में **sleeps** और **stopped**.

### 2. Transitive Verb (सकर्मक क्रिया)

ऐसी क्रियाएँ जो object से मिलकर predicate part बनाएँ और बिना object के उनका अर्थ भी अपूर्ण रहे, उन्हें transitive verbs कहते हैं; जैसे—वाक्य 3 तथा 4 में **wrote** और **drank** transitive verbs हैं और **letter** तथा **water** क्रमशः उनके objects हैं।

# Exercise

[illegible]

1. What makes the sense complete in a transitive verb?
   (a) the adverb (b) the object (c) the subject (d) the verb itself
2. There can never be a sentence without
   (a) a pronoun (b) a verb (c) an adjective (d) a noun
3. Linking verb and complement form a
   (a) subject (b) verb (c) phrase (d) predicate

II. Choose the transitive and intransitive verbs according to the example and write the object of transitive verbs.

| | Sentences | Transitive verb | Intransitive verb | object |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I write a letter. | write | | a letter |
| 2. | She has bathed. | | | |
| 3. | I bought a pen. | | | |
| 4. | His father has died. | | | |
| 5. | The river flowed slowly. | | | |
| 6. | My friend called me. | | | |
| 7. | The cow eats grass. | | | |
| 8. | The driver came here. | | | |
| 9. | He is sitting there. | | | |
| 10. | Father is sleeping | | | |

III. Say whether the following verbs are transitive or intransitive.

1. Rohan is guilty
2. She felt raindrops on her cheeks
3. The dog looks dangerous
4. She spoke in a high pitched voice
5. The farmer grows potatoes in his field
6. He wasted his time in idle talk
7. She enjoyed her vacation
8. We missed the bus
9. The film sounds interesting

10. She seems unhappy. ..............................................

11. The bus stopped suddenly. ..............................................

12. He has grown old. ..............................................

IV. Indicate whether the verbs in the following sentences are transitive (T) or intransitive (I) :

1. Shreya told me a secret. ☐
2. We found him guilty. ☐
3. They are asleep. ☐
4. They posted the letters. ☐
5. The passengers waited patiently. ☐
6. The queen appointed him minister. ☐
7. Don't call him a fool. ☐
8. Naman has fallen ill. ☐
9. Our children like apples. ☐
10. The crow seems injured. ☐
11. The boy rang the bell. ☐
12. The house is on rent. ☐

# 9

# Verb : Have

Have को जब किसी वाक्य में अकेले 'रखना' के अर्थ में प्रयोग किया जाए तब यह मुख्य क्रिया (main verb) कहलाता है। इसके रूप present tense में **has** और **have**, past tense में **had** तथा future tense में **will have** और **shall have** होते हैं।

## 1. Affirmative Sentences (स्वीकारात्मक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए—

1. He has a pet dog.
2. I have two daughters.
3. You have a large house.
4. We had two maids.
5. She had an expensive pen.
6. I shall have a scooty.

दिए गए वाक्य संख्या 1 में अधिकार, वाक्य संख्या 2 में संबंध तथा वाक्य संख्या 3 में स्वामित्व का भाव प्रकट हो रहा है। अतः **जब किसी वाक्य में कर्ता का स्वामित्व, अधिकार या संबंध प्रकट हो** तब present tense में एकवचन कर्ता के साथ **has** तथा बहुवचन कर्ता के साथ **have** का प्रयोग करते हैं और past tense में एकवचन तथा बहुवचन दोनों कर्ताओं के साथ **had** का प्रयोग करते हैं। Future tense में I, We कर्ता के साथ **shall have** तथा शेष सभी कर्ताओं के साथ **will have** लगाते हैं।

## 2. Negative Sentences (नकारात्मक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए—

1. He has not any pet dog.
2. You have not any house.
3. We had not any maid.
4. She had not any pen.
5. I shall not have this pen.
6. They will not have a scooty.

यदि स्वामित्व, अधिकार या संबंध प्रकट करने वाले वाक्यों में **न** या **नहीं** आ रहा हो तब has, have या had के बाद **not** का प्रयोग करते हैं। Future tense में will या shall के बाद **not** तथा फिर **have** लगाते हैं।

## 3. Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए—

1. Has he any dog?
2. Have you any car?
3. Had they two servants?
4. Had she any book?
5. Will you have a prize?
6. Shall we have this scooty?

यदि स्वामित्व, अधिकार या संबंध प्रकट करने वाले वाक्य प्रश्नवाचक हों और **क्या** शब्द वाक्य के आरंभ में आ रहा हो तब क्या की अंग्रेजी नहीं लाते तथा has, have या had का प्रयोग कर्ता से पूर्व करते हैं। Future tense में will या shall को कर्ता से पूर्व लगाते हैं।

Note : Interrogative sentence को यदि साधारण वाक्य में बदल दिया जाए तो ऐसे वाक्य को Statement या Assertive कहते हैं।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. What will be the form of 'have' in future tense?
   (a) will have ☐ (b) has ☐ (c) shall have ☐ (d) Both (a) & (c) ☐
2. Anu has completed her course.
   The interrogative form of the sentence will be :
   (a) Have Anu completed her course? ☐ (b) Had Anu completed her course? ☐
   (c) Is Anu completed her course? ☐ (d) Has Anu completed her course? ☐
3. If interrogative sentence is changed into simple sentence, it is called :
   (a) negative sentence ☐ (b) statement ☐
   (c) affirmative sentence ☐ (d) None of these ☐
4. What is used with singular and plural subjects in the past tense?
   (a) have ☐ (b) has ☐ (c) had ☐ (d) None of these ☐

II. Change the following sentences according to the directions given in the brackets :

1. Had they any servant? *(Statement)*
2. I have a scooter. *(Negative)*
3. I shall have good furniture. *(Interrogative)*
4. I have not any book. *(Affirmative)*
5. Aman will have a bus. *(Negative)*
6. They have a big house. *(Negative)*
7. I have not any money. *(Interrogative)*
8. Have you two sisters? *(Statement)*
9. Shreya has long hair. *(Interrogative)*
10. He has two sons. *(Negative)*

# 10

# Verb : Tenses
## (क्रिया : काल)

Tenses की विस्तृत जानकारी Translation के 'Section-III' भाग में दिये हुए Tenses के Chapters से लें। यहाँ संक्षेप में नियम एवं उदाहरण (Affirmative, Negative, Interrogative) दिये जा रहे हैं—

**1. Present Indefinite Tense**

क्रिया + ता है, ती है, ते हैं, ते हो

(i) Singular Subject + I (form) + s, es ........................

(ii) Plural Subject + I (form) ..........................

He plays cricket.
He does not play cricket.
Does he play cricket?

**2. Past Indefinite Tense**

क्रिया + या, यी, ये, ता था, ती थी, ते थे

(i) Singular Subject + II (form) ..........................

(ii) Plural Subject + II (form) ..........................

He played cricket.
He did not play cricket.
Did he play cricket?

**3. Future Indefinite Tense**

क्रिया + गा, गी, गे

(i) I, We + shall + I (form) ..........................

(ii) शेष कर्त्ता + will + I (form) ..........................

He will play cricket.
He will not play cricket.
Will he play cricket?

**4. Present Continuous Tense**

क्रिया + रहा है, रही है, रहे हैं, रहा हूँ

Subject + is, are, am + I (form) ing ..........................

You are helping the poor.
You are not helping the poor.
Are you helping the poor?

**5. Past Continuous Tense**

क्रिया + रहा था, रही थी, रहे थे

Subject + was, were + I (form) ing ..........................

You were helping the poor.
You were not helping the poor.
Were you helping the poor?

**6. Future Continuous Tense**

क्रिया + रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे

Subject + shall be या will be + I (form) ing ...............

You will be helping the poor.
You will not be helping the poor.
Will you be helping the poor?

**7. Present Perfect Tense**

क्रिया + चुका है, लिया है, गया है आदि

Subject + has या have + III (form) ..........................

He has played a match.
He has not played a match.
Has he played a match?

**8. Past Perfect Tense**

क्रिया + चुका था, लिया था, गया था आदि

Subject + had + III (form) ..........................

He had played a match.

He had not played a match.

Had he played a match?

**9. Future Perfect Tense**

क्रिया + चुका होगा, लिया होगा, गया होगा आदि

(i) I, We + shall have + III (form) ..........................

(ii) शेष कर्त्ता + will have + III (form) ..........................

He will have played a match.

He will not have played a match.

Will he have played a match?

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. My father will be reaching here tomorrow. This sentence is :
   (a) future perfect tense ☐ (b) future continuous tense ☐
   (c) present continuous tense ☐ (d) past continuous tense ☐
2. The present perfect tense shows a relation between the :
   (a) present and the future ☐ (b) past and the future ☐
   (c) present perfect and the future ☐ (d) present and the past ☐
3. Future tense verbs are made by putting 'shall' or 'will' :
   (a) before the adverb ☐ (b) before the adjective ☐
   (c) before the verb ☐ (d) before the noun ☐
4. You will be singing at the party.
   Interrogative form of this sentence will be :
   (a) Will he be singing at the party? ☐ (b) Will you not be singing at the party? ☐
   (c) Will you be singing at the party? ☐ (d) Would you be singing at the party? ☐
5. .......................... he played a match?
   Fill the present perfect tense in the blank.
   (a) Has not ☐ (b) Had not ☐ (c) Has ☐ (d) Have ☐

II. (a) Tenses have three forms : Present, Past and Future. In which tense would you use the following adverbs?

*last night, this time, now, yesterday, today, tomorrow,* coming Sunday

Present : ..........................................................................................................................

Past : ..........................................................................................................................

Future : ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| come | आना | came | come | coming |
| cook | पकाना | cooked | cooked | cooking |
| cry | चिल्लाना | cried | cried | crying |
| catch | पकड़ना | caught | caught | catching |
| close | बंद करना | closed | closed | closing |
| change | बदलना | changed | changed | changing |
| climb | चढ़ना | climbed | climbed | climbing |
| dance | नाचना | danced | danced | dancing |
| drink | पीना | drank | drunk | drinking |
| do | करना | did | done | doing |
| eat | खाना | ate | eaten | eating |
| find | पाना | found | found | finding |
| fly | उड़ना | flew | flown | flying |
| fall | गिरना | fell | fallen | falling |
| give | देना | gave | given | giving |
| go | जाना | went | gone | going |
| get | पाना | got | got, gotten | getting |
| graze | चरना | grazed | grazed | grazing |
| gamble | जुआ खेलना | gambled | gambled | gambling |
| help | सहायता करना | helped | helped | helping |
| hate | घृणा करना | hated | hated | hating |
| hear | सुनना | heard | heard | hearing |
| know | जानना | knew | known | knowing |
| knit | बुनना | knitted | knitted | knitting |
| love | प्यार करना | loved | loved | loving |
| laugh | हँसना | laughed | laughed | laughing |
| make | बनाना | made | made | making |
| play | खेलना | played | played | playing |
| put | रखना | put | put | putting |
| pray | प्रार्थना करना | prayed | prayed | praying |
| pluck | फूल तोड़ना | plucked | plucked | plucking |
| read | पढ़ना | read | read | reading |
| run | दौड़ना | ran | run | running |
| roar | दहाड़ना | roared | roared | roaring |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| recover | बीमारी से अच्छा होना | recovered | recovered | recovering |
| respect | सम्मान करना | respected | respected | respecting |
| ring | बजाना | rang | rung | ringing |
| rise | उठना | rose | risen | rising |
| rain | बारिश होना | rained | rained | raining |
| sing | गाना | sang | sung | singing |
| sit | बैठना | sat | sat | sitting |
| sleep | सोना | slept | slept | sleeping |
| speak | बोलना | spoke | spoken | speaking |
| steal | चुराना | stole | stolen | stealing |
| swim | तैरना | swam | swum | swimming |
| shine | चमकना | shone | shone | shining |
| sweep | झाड़ू लगाना | swept | swept | sweeping |
| stand | खड़े होना | stood | stood | standing |
| smoke | सिगरेट पीना | smoked | smoked | smoking |
| teach | पढ़ाना | taught | taught | teaching |
| talk | बातें करना | talked | talked | talking |
| try | कोशिश करना | tried | tried | trying |
| think | सोचना | thought | thought | thinking |
| take | लेना | took | taken | taking |
| tell | कहना | told | told | telling |
| waste | नष्ट करना | wasted | wasted | wasting |
| wash | धोना | washed | washed | washing |
| wait | प्रतीक्षा करना | waited | waited | waiting |
| walk | घूमना | walked | walked | walking |
| write | लिखना | wrote | written | writing |
| weep | रोना | wept | wept | weeping |
| work | काम करना | worked | worked | working |
| worship | पूजा करना | worshipped | worshipped | worshipping |

# Exercise

I. Fill in the blanks with the II, III form of verbs and present participle forms.

| I Form | II Form | III Form | Present Participle Form |
|---|---|---|---|
| fall | fell | .......................... | falling |
| hear | .......................... | heard | hearing |
| knit | .......................... | knitted | .......................... |
| put | .......................... | .......................... | putting |
| sleep | .......................... | slept | sleeping |
| speak | spoke | .......................... | .......................... |
| teach | taught | taught | .......................... |
| abuse | abused | .......................... | abusing |
| become | .......................... | become | .......................... |
| begin | began | .......................... | .......................... |

II. Fill in the blanks with the I form of the verb :

| | I Form | | I Form |
|---|---|---|---|
| made | .......................... | put | .......................... |
| rung | .......................... | spoke | .......................... |
| told | .......................... | wept | .......................... |
| blown | .......................... | cried | .......................... |
| did | .......................... | flew | .......................... |

III. Fill in the blanks in the following sentences with the past participle of the verb given in the brackets :

1. Have you .......................... (*do*) the work I had .......................... (*tell*) you to do?
2. The girls have .......................... (*learn*) the lesson.
3. All the leaves of the tree have .......................... (*fall*).
4. Many young men have .......................... (*apply*) for this job.
5. I will have .......................... (*write*) a book.
6. We have .......................... (*call*) all our friends to the party.

# 11 The Question Forms

## (Interrogative Sentences : Yes/No Answer Type)

## (प्रश्न बनाना)

| A. Assertive | Interrogative |
|---|---|
| 1. Mr. Singh is a teacher. | Is Mr. Singh a teacher? |
| 2. We are singers. | Are we singers? |
| 3. He was a dancer. | Was he a dancer? |
| 4. The birds were hungry. | Were the birds hungry? |

दिए गए assertive वाक्यों में verb 'To be' की forms (is, are, am, was, were आदि) का प्रयोग कर्ता के बाद हुआ है, इन्हें questions में बदलने के लिए verb 'To be' (is, are, am, was, were आदि) को कर्ता से पूर्व प्रयोग करते है। इनके उत्तर **Yes** या **No** में होते है। Questions को interrogative sentences भी कहते है।

| B. Assertive | Interrogative |
|---|---|
| 1. He has a car. | Has he a car? |
| 2. We have five balls. | Have we five balls? |
| 3. He had some good comics. | Had he some good comics? |
| 4. I have two brothers. | Have I two brothers? |

जब स्वामित्व, अधिकार या संबंध प्रकट करने के लिए assertive वाक्य में Has, Have, Had का प्रयोग कर्ता के बाद हुआ हो तब उनके questions बनाने के लिए Has, Have, Had का प्रयोग कर्ता से पूर्व करते है।

| C. Assertive | Interrogative |
|---|---|
| 1. I have my lunch at 1 p.m. | Do I have my lunch at 2 p.m.? |
| 2. He has coffee two times a day. | Does he have coffee two times a day? |
| 3. We had a good dinner last night. | Did we have a good dinner last night? |
| 4. Everybody has many difficulties. | Does everybody have many difficulties? |

यदि assertive वाक्य में Has, Have, Had का प्रयोग स्वामित्व, अधिकार या संबंध प्रकट करने के लिए न हुआ हो, बल्कि कोई वस्तु **प्राप्त करने, खाने, पीने या अनुभव करने** के लिए Has, Have Had का प्रयोग हुआ हो तब ऐसे वाक्यो को interrogative में बदलने के लिए singular subject से पहले Does और plural subject से पहले Do का प्रयोग करते है। Past tense में सभी subjects से पहले Did का प्रयोग करते है। D... के बाद subject और फिर Have का प्रयोग main verb के रूप में करते है।

| D. Assertive | Interrogative |
|---|---|
| 1. He gets up at 6 o'clock. | Does he get up at 6 o'clock? |
| 2. They play in the evening. | Do they play in the evening? |
| 3. Shreya sang a song. | Did shreya sing a song? |
| 4. He will run a race. | Will he run a race? |
| 5. The dogs are barking. | Are the dogs barking? |

6. Father was bathing. Was father bathing?

इन वाक्यों के अध्ययन से पता चलता है कि—

1. Present indefinite tense में वाक्य को प्रश्नवाचक में बदलने के लिए एकवचन कर्त्ता (subject) से पूर्व Does का प्रयोग और बहुवचन कर्त्ता (subject) से पूर्व Do का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 1, 2.

2. Past indefinite tense में दिये वाक्य को प्रश्नवाचक में बदलने के लिए एकवचन तथा बहुवचन दोनों कर्त्ताओं से पहले Did का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 3.

3. यदि वाक्य 'To be' verb (is, are, am, was, were या has, have, had आदि) से बना हो और किसी भी tense में दिया हो तब interrogative sentence बनाने के लिए इन verbs को कर्त्ता से पूर्व प्रयोग करते हैं।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. To change assertive sentences into questions, the verb 'To be' is used :
   (a) after the subject ☐ (b) before and after the subject ☐
   (c) before the subject ☐ (d) All of these ☐
2. Questions are also known as :
   (a) interrogative sentences ☐ (b) affirmative sentences ☐
   (c) assertive sentences ☐ (d) None of these ☐
3. Change the given sentence into interrogative :
   We had a dinner last night.
   (a) Did we have a dinner last night? ☐ (b) Did we had a dinner last night? ☐
   (c) Does we had a dinner last night? ☐ (d) Do we had a dinner last night? ☐
4. What is used before the subject making questions in present indefinite tense?
   (a) Have ☐ (b) Do ☐ (c) Did ☐ (d) Were ☐

II. Change the following sentences into interrogative :

1. I have a light dinner. ..........................................
2. He will come here today. ..........................................
3. This child cries alot. ..........................................
4. He has only one sister. ..........................................
5. That goat was very old. ..........................................
6. She will be singing a song. ..........................................
7. The man was healthy. ..........................................
8. The patient died last night. ..........................................
9. He has some money. ..........................................
10. My uncle is an engineer. ..........................................

# 12 The Question Forms

## (Interrogative Sentences : Wh-Type Questions)

## (प्रश्न बनाना)

निम्नलिखित प्रश्नों तथा उनके उत्तरों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—

| Questions ( प्रश्न ) | Answers ( उत्तर ) |
|---|---|
| 1. What *are* you doing? | I am doing my work. |
| 2. Where *are* you going? | I am going home. |
| 3. When *do* you get up? | I get up at 6 o'clock. |
| 4. Who *is* your class teacher? | Shri R.C. Gupta is my class teacher. |
| 5. Which fruit *does* he like most? | He likes the mango most. |
| 6. How *will* they go to Mumbai? | They will go to Mumbai by train. |
| 7. How old *are* you? | I am fifteen years old. |
| 8. How much water *can* you drink? | I can drink five glass of water. |
| 9. How many sisters do you *have*? | I have four sisters. |

दिए गए प्रश्न प्रश्नवाचक शब्दों से आरंभ हो रहे हैं जो रंगीन शब्दों में छपे हैं और उनके बाद auxiliary verb आ रहा है। उनके बाद कर्त्ता और फिर main verb (मुख्य क्रिया) आता है और अंत में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाते हैं।

भिन्न-भिन्न प्रश्नवाचक शब्दों का प्रयोग निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करने के लिए होता है—

1. What (क्या)—Noun या Pronoun का परिचय, कार्य, व्यवसाय जानने के लिए।
2. Where (कहाँ)—स्थान जानने के लिए।
3. When (कब)–समय जानने के लिए।
4. Who (कौन)—कर्त्ता को जानने के लिए।
5. Which (कौन-सा)—छाँटने या पसंद जानने के लिए।
6. How (कैसे)—ढंग या साधन जानने के लिए।
7. How much (कितना)—मात्रा जानने के लिए।
8. How many (कितना)—संख्या जानने के लिए।

इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए प्रश्नवाचक शब्दों तथा प्रश्नवाचक चिह्न को हटा देते हैं तथा उत्तर subject से आरंभ करते हैं, उसके बाद linking verb और complement लाते हैं या auxiliary verb, main verb और फिर अन्य शब्द लगाते हैं।

**सूत्र (Formula)**

*Question* Q. Word + Auxiliary Verb + Subject + Main Verb + ......... ?

*Answer* Subject + Auxiliary Verb + Main Verb + ............ .

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. To know the subject in a sentence, the question word .......................... is used.
   (a) where ☐ (b) when ☐ (c) what ☐ (d) who ☐
2. What comes after question word in interrogative sentences?
   (a) Subject ☐ (b) Helping verb ☐ (c) Main verb ☐ (d) Auxiliary verb ☐
3. The answers of the questions are begun with :
   (a) linking verb ☐ (b) complement ☐ (c) subject ☐ (d) main verb ☐
4. .......................... is used to enquire about an incident, way, action or situation.
   (a) How ☐ (b) Which ☐ (c) Why ☐ (d) Who ☐

II. Answer the following questions :

1. How many balloons do you have?
2. When do you return home?
3. When do you go to school?
4. What are you doing?
5. How old is your father?
6. How much does this book cost?
7. Where did you buy the book?
8. In which school do you study?
9. Where is your mother sleeping?
10. Who is the captain of your team?

III. Fill in the blanks with those interrogative words which are used to begin the sentences for showing the following purposes :

1. समय जानने के लिए ..........................................................................
2. स्थान प्रकट करने के लिए ..........................................................................
3. संख्या जानने के लिए ..........................................................................
4. कारण बताने के लिए ..........................................................................

IV. Answers to some questions are given below. Make the questions which give the knowledge about bold words :

1. I am sitting **on the chair**. ..........................................................................
2. **Navya** is my best friend. ..........................................................................
3. I shall go to Kolkata **on Sunday**. ..........................................................................
4. My father is a **doctor**. ..........................................................................
5. I go to school **on scooter**. ..........................................................................
6. My grandmother is **75 years old**. ..........................................................................
7. The colour of this paper is **blue**. ..........................................................................
8. I am living **in Agra**. ..........................................................................
9. I go to sleep **at 8 at night**. ..........................................................................
10. I have milk **once a day**. ..........................................................................

# 13 Subject-Verb Agreement
## (कर्त्ता-क्रिया सामंजस्य)

वाक्य में verb का अपने subject से वचन (number) तथा पुरुष (person) में agreement (सामंजस्य) होता है अर्थात् यदि subject एकवचन में हो, तो verb भी एकवचन में होता है। यदि subject बहुवचन में हो, तो verb भी बहुवचन में ही होगा; जैसे—

Virat plays cricket. The boys play football.

इसको subject का verb के साथ agreement कहा जाता है। इस संबंध में यह भी जानना आवश्यक है—

1. दो या दो से अधिक subjects यदि and से जुड़े हों, तो verb बहुवचन में होगा; जैसे—

Shivam and Rohan are here. Tanvi and Hardik do not read in the same class.

2. यदि दो subjects एक ही विचार के सूचक हों, तो verb एकवचन में आएगा; जैसे—

(i) Bread and butter is my breakfast.

(ii) Early to bed and early to rise makes a man healthy, wealthy and wise.

3. यदि singular subjects से पहले each या every का प्रयोग हो, तो verb एकवचन होगा; जैसे—

Each man and woman was happy. Every boy and girl was present in the class.

4. यदि or या nor से जुड़े subjects विभिन्न वचन (number) या पुरुष (person) के हों, तो verb सबसे पास वाले subject के साथ सामंजस्य रखता है; जैसे—

Kunal or his brothers have helped her. Either you or he is making a noise.

5. कुछ nouns देखने में plural लगते हैं, परंतु अर्थ में एकवचन होते हैं; अतः उनके साथ singular verb आता है; जैसे—

This news is false. Mathematics is an easy subject.

6. कुछ nouns देखने में singular लगते हैं, परंतु अर्थ में plural होते हैं। इनके साथ plural verb आता है; जैसे—

Cattle are grazing in the field. People are going to see the exhibition.

7. कुछ nouns का रूप singular और plural दोनों में एक-सा रहता है; जैसे—sheep, deer, fish, swine.

The sheep is grazing in the field. The sheep are grazing in the field.

8. जब किसी singular noun को किसी अन्य singular या plural noun से as well as या with, along with के द्वारा जोड़ा गया हो, तब उनके साथ singular verb आता है; जैसे—

Rohan as well as his friends was present in the house.

9. जब subject कोई नाप-तौल का ज्ञान कराए, तो उसके साथ singular verb आता है; जैसे—

Ten years is a long period. Ten lac rupees is a large sum.

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. The little girl ......................... my sister.
   (a) are ☐ (b) is ☐ (c) were ☐ (d) an ☐
2. In a sentence, what should agree with its subject in number and person?
   (a) The noun ☐ (b) The pronoun ☐ (c) The adjective ☐ (d) The verb ☐
3. My friend and neighbour ......................... here. Fill in the blank with the correct verb.
   (a) were ☐ (b) is ☐ (c) an ☐ (d) are ☐
4. In which person a subject always needs a plural verb?
   (a) Second person ☐ (b) First person ☐
   (c) Third person ☐ (d) Both first and second person ☐

II. Fill in the blanks with the verbs which are subject-supporting :

1. Each day and each hour ......................... its duty.
2. The cattle ......................... going in the open.
3. The teacher with his students ......................... in the class.
4. Iron as well as gold ......................... found in India.
5. Neither the doctor nor the nurses ......................... in the operation room.
6. This news ......................... false.
7. Twenty-five miles ......................... a long distance.
8. Two and two ......................... four.
9. Our army ......................... fighting bravely.
10. The farmer and his two sons ......................... working in the field.

III. In each of these sentences, supply a Verb in agreement with the subject :

1. Neither he nor they ......................... correct.
2. The committee ......................... passed the resolution.
3. Shivam and I ......................... fast friends.
4. Each of the boys ......................... given a plan.
5. Four and four ......................... eight.
6. A number of vehicles ......................... been impounded by the police.
7. My friend, as well as I, ......................... felicitated.
8. Everyone of the motels ......................... full.
9. Mathematics ......................... a difficult subject to master.
10. Bread and butter ......................... nutritious.

# 14 The Adverb
## (क्रिया-विशेषण)

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए—







1. Rohan is very *smart*. 2. Reshma is *reading* slowly. 3. The child cried too *loudly*.

इन वाक्यों में very द्वारा smart नामक adjective (विशेषण) की, slowly द्वारा reading नामक verb (क्रिया) की तथा too द्वारा loudly नामक adverb (क्रिया-विशेषण) की विशेषता बतलायी गयी है। अत: ये शब्द adverbs हैं।

वे शब्द जो verb (क्रिया), adjective (विशेषण) तथा अन्य adverb (क्रिया-विशेषण) की विशेषता प्रकट करते हैं, adverbs (क्रिया-विशेषण) कहलाते हैं।

*(An adverb is a word which modifies a verb, an adjective or another adverb.)*

## KINDS OF ADVERB (क्रिया-विशेषण के प्रकार)

Adverb तीन प्रकार के होते हैं—

I. Simple Adverb (साधारण क्रिया-विशेषण)
II. Interrogative Adverb (प्रश्नसूचक क्रिया-विशेषण)
III. Relative Adverb (संबंधसूचक क्रिया-विशेषण)

### I. Simple Adverb (साधारण क्रिया-विशेषण)

Simple adverb वह adverb होता है जिसके द्वारा time (समय), place (स्थान), manner (ढंग), degree (परिणाम), number (संख्या), affirmation (स्वीकृति), negation (निषेध) तथा reason (कारण) का बोध होता है; जैसे—

**1. Time (समय)**

1. She came early. 2. We go there every day. 3. I will soon be here.

इन वाक्यों में early, every day और soon से 'time' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of time कहते हैं।

Early, Late, Daily, Soon, Now, Then, Before, Since, Ago, Already, Yesterday, Today, Tomorrow आदि इस प्रकार के मुख्य adverbs हैं।

***Remember*** यह verb में '**कब**' लगाकर ज्ञात होता है।

**2. Place (स्थान)**

1. You can sleep here. 2. Please come in. 3. The teacher is out.

इन वाक्यों में here, in और out से 'place' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of place कहते हैं।

Near, Far, In, Out, Here, There, Above, Below, Up, Inside, Outside, Everywhere आदि इस प्रकार के मुख्य adverbs हैं।

***Remember*** यह verb में '**कहाँ**' लगाकर ज्ञात होता है।

**3. Manner (ढंग)**

1. Rita works hard. 2. Our army fought bravely. 3. He speaks softly.

इन वाक्यों में hard, bravely और loudly से 'manner' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of manner कहते हैं।

Hard, Well, Thus, So, Badly, Bravely, Clearly, Certainly, Probably आदि इस प्रकार के मुख्य adverbs हैं।

***Remember*** यह verb में 'कैसे' या 'किस प्रकार' लगाकर ज्ञात होता है।

**4. Degree (परिमाण)**

1. Shivam is quite well. 2. I am so glad to see you.
3. The dog is a very faithful animal.

इन वाक्यों में quite, so और very से 'degree' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of degree कहते हैं। Too, Quite, Very, Much, So, Any, Almost आदि इस प्रकार के मुख्य adverbs हैं।

***Remember*** यह verb में 'कितना' लगाकर ज्ञात होता है।

**5. Number (संख्या)**

1. Rohan always works hard. 2. I met him three times. 3. You never come here.

इन वाक्यों में always, three times और never से 'number' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of number कहते हैं।

Once, Twice, Again, Never, Always, Often, Sometimes, Secondly, Thirdly, Seldom आदि इस प्रकार के मुख्य adverbs हैं।

***Remember*** यह Verb में 'कितनी बार' लगाकर ज्ञात होता है।

**6. Affirmation (स्वीकृति)**

1. Yes, I shall go there. 2. Surely, she is right. 3. He certainly attended the class.

इन वाक्यों में yes, surely और certainly से 'affirmation' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of affirmation कहते हैं।

***Remember*** इन शब्दों के द्वारा प्रश्न का उत्तर 'हाँ' में प्राप्त होता है।

**7. Negation (निषेध)**

1. I never tell a lie. 2. He does not come here. 3. She has not done her work.

इन वाक्यों में never, does not और not से 'negation' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of negation कहते हैं।

***Remember*** इन शब्दों के द्वारा प्रश्न का उत्तर 'नहीं' में प्राप्त होता है।

**8. Reason (कारण)**

1. We therefore will not eat. 2. She is hence responsible.

इन वाक्यों में therefore और hence से 'reason' का बोध होता है। ऐसे शब्दों को simple adverbs of reason कहते हैं।

***Remember*** यह verb में 'क्यों' लगाकर ज्ञात होता है।

**II. Interrogative Adverb (प्रश्नसूचक क्रिया-विशेषण)**

Interrogative adverb वह adverb होता है जिसके द्वारा प्रश्नवाचक वाक्यों की रचना होती है। ये वाक्य में सबसे पहले प्रयुक्त होकर manner, number, time, place, reason आदि की जानकारी कराते हैं; जैसे–

| | | |
|---|---|---|
| Manner | : | How do you do? |
| Number | : | How often does he attend the college? |
| Time | : | When did she go? |
| Place | : | Where do they live? |
| Reason | : | Why do you not work hard? |

इन वाक्यों में how, how often, when, where, why शब्द प्रश्न पूछने का कार्य करते हैं और वाक्य में सबसे पहले प्रयुक्त हुए हैं। अतः ये शब्द interrogative adverbs हैं।

कुछ मुख्य interrogative adverbs इस प्रकार हैं–When, Where, Why, How, How much, How far, How many, How often.

**III. Relative Adverb (संबंधसूचक क्रिया-विशेषण)**

Relative adverb वह adverb होता है जो वाक्यों को जोड़ता है तथा वाक्य में पहले प्रयुक्त हुए noun या pronoun की ओर संकेत करते हुए place, time या reason आदि बताता है; जैसे–

(i) This is the house where I lived.

(ii) She did her work when you were sleeping.

(iii) I know the reason why she laughs.

इन वाक्यों में where, when और why शब्द relative adverbs हैं।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Adverbs are words which modify :
   (a) a verb ☐ (b) an adjective ☐
   (c) another adverb ☐ (d) All of these ☐
2. I know the school ..................... you study.
   (a) why ☐ (b) how ☐ (c) when ☐ (d) where ☐
3. Adverbs are formed from adjectives by adding :
   (a) -ly ☐ (b) -lly ☐ (c) -aly ☐ (d) -ely ☐
4. Light travels faster than sound. The word 'faster' is the adverb of :
   (a) time ☐ (b) manner ☐ (c) place ☐ (d) number ☐
5. What kind of adverbs tell us how often something happens?
   (a) Adverb of manner ☐ (b) Adverb of frequency ☐
   (c) Adverb of time ☐ (d) Adverb of degree ☐

II. Find out the adverbs from the following sentences.

1. They always help us. ..............................
2. Devika smiles sweetly. ..............................
3. Rohan, therefore, went away. ..............................
4. I have read this magazine twice. ..............................
5. She liked this movie very much. ..............................
6. He is running fast. ..............................
7. The baby cried loudly. ..............................
8. This book is well written. ..............................
9. Where is he now? ..............................
10. Why did they go there? ..............................

III. Fill in the blanks in the following sentences with suitable adverbs :

*never, here, fast, always, hard, very, why, how, daily, quite, twice, there*

1. ........................ are you?
2. The car is running ........................ .
3. I go there ........................ .
4. We work ........................ .
5. They ........................ help us.
6. He liked this TV ........................ much.
7. You ........................ tell a lie.
8. You are ........................ well.
9. He will come ........................ .
10. ........................ does she go to the market?
11. I know the place ........................ you live.
12. He met me ........................ .

IV. Adverbs are given in the brackets against each sentence. Put the adverb at its proper place and rewrite the sentences :

1. The finger ran on the line. *(exactly)*
2. He was sitting beside me. *(close)*
3. The robber gave a push. *(violently)*
4. He was sitting in his study room. *(alone)*
5. You have to attend the interview. *(secondly)*
6. The population in our country has been increasing. *(rapidly)*
7. I do not know the time he will come. *(when)*
8. The film impressed me. *(considerably)*
9. They knocked at the door. *(nervously)*
10. He walks on a busy road. *(carefully, very)*
11. He is solving the sums. *(quickly)*
12. He deals everyone in every matter. *(fairly)*
13. I do not like him because he takes wine. *(simply)*
14. At what hour is the sun above us? *(right)*
15. Men lived on wild fruits. *(formerly)*

# 15 The Preposition (पूर्वसर्ग अव्यय)

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए—

1. Some people are going up the mountain.
2. A monkey is sitting behind me.
3. I live in Kolkata.
4. He is climbing down the tree.
5. He will go with me.
6. He lives at Khatauli.
7. He will come at 5 o' clock.
8. You will come after two days.
9. A cat is running after the mouse.
10. The river is under the bridge.
11. She will come in two days.
12. The bridge is over the river.
13. I shall go by train.

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्द एक noun या pronoun का दूसरे noun या pronoun से संबंध बताते जैसे—वाक्य 6 में at, He (pronoun) का Khatauli (noun) से संबंध बताता है। इसी प्रकार वाक्य 3 में in, I का Kolkata से, वाक्य 7 में at, He का समय से संबंध बताते हैं। अत: ये सभी शब्द prepositions हैं।

वे शब्द prepositions होते हैं जो वाक्य में किसी noun या pronoun से पूर्व आकर दूसरे noun या pronoun से संबंध प्रकट करते हैं।

*(Preposition is a word placed before a noun or a pronoun to show its relation with other noun or pronoun.)*

## उपर्युक्त Prepositions के अर्थ तथा प्रयोग करने के नियम

1. At तथा In (में)—At का प्रयोग छोटे नगरों, कस्बों तथा गाँवों के नामों से पूर्व तथा in का प्रयोग बड़े नगरों के नामों से पहले होता है; जैसे—वाक्य 3, 6.

2. At, In तथा After (में या बाद)—At का प्रयोग किसी निश्चित समय से पूर्व, जैसे वाक्य 7 में और in का प्रयोग समय की अवधि के अंदर ही तथा after का प्रयोग समय बीतने के बाद होता है; जैसे—वाक्य 8, 11.

3. Behind तथा After (पीछे)—Behind का प्रयोग स्थिर अवस्था (पीछे के अर्थ) में तथा after का प्रयोग गति की अवस्था में होता है; जैसे—वाक्य 2, 9.

4. By तथा With (से या साथ)—By का प्रयोग साधन से पूर्व तथा with का प्रयोग यंत्र, वस्तु या व्यक्ति से पहले होता है; जैसे—वाक्य 5, 13.

5. Over (ऊपर) तथा Under (नीचे)—इनका प्रयोग स्थिर अवस्था में दिशा की ओर संकेत करने के लिए होता है; जैसे—वाक्य 10, 12.

6. Up (ऊपर) तथा Down (नीचे)—इनका प्रयोग गति की अवस्था में दिशा की ओर संकेत करने के लिए होता है; जैसे—वाक्य 1, 4.

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. I must return this money latest ...................... Friday.

   (a) after ☐ (b) on ☐ (c) by ☐ (d) in ☐

2. There is no dispute ...................... the two friends.

   (a) between ☐ (b) among ☐ (c) in ☐ (d) All of these ☐

3. My father put a blanket over me. The preposition is :

   (a) blanket ☐ (b) me ☐ (c) put ☐ (d) over ☐

4. What are you looking ...................... ?

   (a) to ☐ (b) on ☐ (c) for ☐ (d) of ☐

5. Which of the following prepositions is the opposite of 'in front of'?

   (a) after ☐ (b) near ☐ (c) before ☐ (d) behind ☐

II. Fill in the blanks in following sentences with suitable preposition given in the brackets :

1. He will leave this city ...................... two months. *(in, on, into)*
2. He is walking ...................... his wife. *(at, by, with)*
3. The hat is ...................... our heads. *(under, over, on)*
4. We are ...................... the roof. *(below, under, in)*
5. Mother will come ...................... two hours. *(at, after, behind)*
6. May I come ...................... ? *(in, up, on)*
7. He was beaten ...................... his sister. *(with, by, over)*
8. Please sit ...................... . *(under, down, upon)*
9. I go to Meerut ...................... bus. *(on, in, by)*
10. He killed the enemy ...................... a sword. *(by, with, at)*
11. I get up ...................... 4 o'clock. *(in, after, at)*
12. I was born ...................... Kolkata. *(at, in, upon)*
13. Police was running ...................... the thief. *(behind, after, up)*
14. My uncle lives ...................... Mumbai. *(at, in, behind)*
15. The wall is ...................... me. *(after, over, behind)*

III. Fill in the blanks of the following sentences with the prepositions given below :

*at, in, on, into, upon, above, over, under, below*

1. Something has been crushed ...................... your feet.
2. All the students are looking ...................... the blackboard.
3. A donkey was carrying some bags ...................... his back.
4. Some leaves are floating ...................... the water.
5. The waiter poured the beer ...................... the glass.
6. The cat pounced ...................... the rat.
7. Some tired farmers are sitting ...................... the tree.
8. There are some clouds ...................... our head.
9. Remove this bottle from here and put it ...................... the cupboard.
10. Arjun saw ...................... the bird and took an aim.
11. He has his business all ...................... the world.
12. In winter we wrap a shawl ...................... our body.
13. Some women are going to a well with a pitcher ...................... their heads.
14. Some pictures are hanging ...................... the almirah.
15. You can always find him ...................... the temple in the morning.

# 16 The Conjunction

## (संयोजक)

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों को देखिए

1. Ria and Aalia are good girls.
2. My uncle came and gave me a gift
3. She stood up but fell down soon.
4. I work hard so I am happy.
5. They are rich therefore they are happy.
6. Give me your pen or pencil.

दिए गए वाक्यों में रंगीन छपे शब्द and, but, so, therefore, or आदि अपने आगल बगल के दो शब्दों या दो वाक्यों को जोड़ रहे हैं; जैसे—वाक्य 1 में and दो शब्दों को, वाक्य 2 में and दो वाक्यों को जोड़ रहा है। अत: ये सभी शब्द conjunctions हैं।

दिए गए वाक्यों में conjunctions जिन वाक्यों या शब्दों को जोड़ते हैं वे स्वतंत्र हैं अर्थात किसी पर निर्भर नहीं हैं।

अत: वे conjunctions जो दो स्वतंत्र वाक्यों या शब्दों को आपस में जोड़ें, coordinating conjuntions कहलाते हैं। अधिकतर प्रयोग होने वाले coordinating conjunctions *and, but, therefore, so, otherwise* (अन्यथा) आदि हैं।

वे conjunctions जो दो वाक्यों को जोड़ें, जिनमें से एक दूसरे पर निर्भर हो, subordinating conjunctions कहलाते हैं। अधिकतर प्रयोग होने वाले subordinating conjunctions *that, because, since, so that, in order that, if, than, before, after, as soon as, while, when, why* आदि है।

Conjunction (संयोजक) वे शब्द होते हैं जो दो शब्दों या दो वाक्यों को जोड़ते हैं।

*(A conjunction is a word which joins words or sentences with each other.)*

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Conjunctions are also called :
   (a) mediators ( ) (b) modifying words ( )
   (c) qualifying words ( ) (d) connectors ( )
2. He was sad because somebody had broken the flower vase.
   Which of the following is a conjunction?
   (a) because ( ) (b) had ( ) (c) was ( ) (d) sad ( )

3. She is rich. She is unhappy.

Which conjunction will join the two sentences correctly?

(a) because ☐ (b) but ☐ (c) when ☐ (d) and ☐

4. Which of the following is a subordinating conjunction?

(a) such as ☐ (b) but ☐ (c) or ☐ (d) as soon as ☐

II. Fill the correct coordinating conjunctions (and, but, so, therefore, or, otherwise) in the follow[illegible] sentences :

1. I ran fast ...................... I reached in time.
2. Please come ...................... sit down.
3. Shivam ...................... Deven are brothers.
4. You ...................... I can do it.
5. I work hard ...................... I do not earn enough money.
6. He is poor ...................... he is not happy.
7. She is slim ...................... Ramya is fat.
8. You are young ...................... weak.

III. Fill in the blanks with suitable coordinating conjunctions :

1. Work hard ...................... you will fail.
2. We opened our books ...................... began to read.
3. Rohan was guilty ...................... he was punished.
4. I was very busy ...................... I could not attend you.
5. Hurry up ...................... you will miss the train.
6. You should return my pen ...................... pay its cost.
7. The book is cheap ...................... it is very useful.
8. She came near me ...................... started crying bitterly.

IV. Join these sentences using suitable subordinating conjunctions :

1. I cannot spare my notes. I have a test tomorrow.
2. I got a phone call. I left for my home town immediately.
3. His performance was poor. We were all very disappointed.
4. The teacher found his bag. He had left it there.
5. I am taking a taxi. I do not want to be late for the function.
6. Trust is once lost. It is lost forever.
7. There is life. There is hope.
8. He must do well. I will give him a prize.

17

# The Interjection
## (विस्मयादिबोधक अव्यय)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए—



1. Alas! He failed.



2. Hurrah! I have passed.



3. Oh! You have come!

दिए गए वाक्यों में Alas!, Hurrah!, Oh! शब्द interjections हैं जो विभिन्न मनोभावों की तीव्रता को दर्शाते हैं।

वह शब्द जो हृदय में यकायक उठने वाले हर्ष, आश्चर्य, दु:ख, घृणा आदि मनोवेगों या भावनाओं को व्यक्त करे, interjection (विस्मयादिबोधक अव्यय) कहलाता है।

*(An interjection is a word which expresses some sudden feelings or emotions such as joy, sorrow, surprise, etc.)*

विभिन्न मनोभावों को प्रकट करने वाले interjections इस प्रकार हैं—

1. Joy (हर्ष)—Hurrah! Ha! Ha!
2. Surprise (आश्चर्य)—What! Aha! How! Oh!
3. Grief (दु:ख)—Alas! Ah!
4. Hate (घृणा)—Fie! Fie! Shame! Shame!
5. Address (संबोधन)—Aye! Hello!

Remember : Interjection शब्दों के बाद विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग होता है।

## Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Which of the following words is an interjection?
   (a) Stop ☐ (b) Hello ☐ (c) Come ☐ (d) Listen ☐
2. An interjection is always followed by :
   (a) a full stop ☐ (b) an exclamation mark ☐
   (c) a comma ☐ (d) a colon ☐

3. Hurrah! I have won the first prize.

The interjection 'Hurrah' expresses sudden :

(a) grief ☐ (b) joy ☐ (c) surprise ☐ (d) praise ☐

4. .................... ! There is little hope of his winning.

(a) Aye ☐ (b) Aha ☐ (c) Fie Fie ☐ (d) Alas ☐

5. Oh! What a beautiful flower.

The word 'Oh!' expresses the feeling of :

(a) admiration ☐ (b) surprise ☐ (c) joy ☐ (d) All the three ☐

II. Complete the sentences with suitable interjection :

*Hurrah, Fie Fie, Alas, Hello, Oh*

1. .................... ! What are you doing here?
2. .................... ! We have passed the examinations.
3. .................... ! you are late.
4. .................... ! You have committed a sin.
5. .................... ! I have lost my purse.

III. Indicate the emotions expressed in the following:

1. Hush! Everyone is sleeping. ....................
2. Well done! You deserve the award. ....................
3. Hurrah! We won the championship. ....................
4. Bravo! That was a great victory. ....................
5. What a shame! You cheated. ....................
6. What! It's not possible. ....................
7. Oh! What a huge snake. ....................
8. Ah! What stupid mistake. ....................

# 18 Punctuation
## (विराम-चिह्न)

Punctuation का अर्थ है—विराम-चिह्नों का शुद्ध प्रयोग। Punctuation marks (विराम-चिह्न) के प्रयोग से वाक्य का अर्थ एकदम स्पष्ट हो जाता है और भली-भाँति समझ में आ जाता है।

1. The doctor says, the patient is ill. डॉक्टर कहते हैं कि मरीज बीमार है।
2. The doctor, says the patient, is ill. डॉक्टर, मरीज कहता है, बीमार हैं।

आप देखते हैं कि केवल comma को इधर-उधर प्रयोग करने से वाक्यों का अर्थ बदल जाता है। अतः भाषा में punctuation marks के प्रयोग का बहुत महत्त्व है।

कुछ महत्त्वपूर्ण विराम-चिह्नों के प्रयोग की जानकारी नीचे दी जा रही है।

**1. Full Stop (पूर्ण विराम)**

इसका प्रयोग नीचे दी गई अवस्थाओं में होता है—

(i) Full stop का प्रयोग पूर्ण वाक्य के अंत में करते हैं; जैसे—

Virat wrote a letter.

(ii) Abbreviations (संक्षिप्त रूप) और initials (सूक्ष्म हस्ताक्षर) को प्रकट करने के लिए—

M.L.A., M.P., M.A., Mr. A.K. Jain.

**2. Comma (अल्प विराम)**

Comma के प्रयोग की कुछ अवस्थाएँ नीचे दी गई हैं—

(i) एक ही parts of speech के एक से अधिक शब्दों को अलग करने के लिए—

*Rohan, Hari, Aman and Vikas are fast friends.*

He was a *smart, obedient* and *intelligent* boy.

(ii) Yes और No के बाद—

Do you want to play? Yes, of course.

Does the cow eat grass? Yes, she does.

(iii) And द्वारा जुड़े शब्दों के जोड़ों (Pairs) को अलग करने के लिए comma का प्रयोग करते हैं; जैसे—

(i) High and low, rich and poor.
Wise and foolish all must die.

(ii) A student should be sincere, hard working, kind and polite.

(iv) जब किसी को संबोधित किया जाए, तो उसके बाद या पहले—

shreya, come here. (श्रेया, इधर आइए।)

(v) Reporting clause के बाद—

He said. "I shall never help you."

## 3. Question Mark or Sign of Interrogation (प्रश्नवाचक चिह्न)

यह प्रश्नवाचक वाक्यों के पश्चात् प्रयोग होता है; जैसे—

Who will win the case? Why is the child crying?

## 4. Inverted Commas (" ") (उद्धरण चिह्न)

वक्ता के शब्दों को ज्यों का त्यों (direct speech में) बताने के लिए—

He said, "I shall give you my chocolate".

## 5. Apostrophe (संबंधकारक चिह्न)

(i) यह एक comma होता है, जो किसी अक्षर के ऊपर लगाया जाता है। इसका प्रयोग एक संज्ञा का दूसरी संज्ञा से संबंध या अधिकार प्रकट करने के लिए possessive case में किया जाता है।

Rohan's friend = रोहन का मित्र

Tanvi's book = तनवी की पुस्तक

(ii) किसी अक्षर या अक्षरों के लोप को प्रकट करने के लिए—

Don't = Do not

I've = I have

(iii) अंकों/संख्या (figures) और अक्षरों (letters) का plural बनाने के लिए—

Cross (cut) your t's and dot your i's.

Add six 2 and four 2's.

## USE OF CAPITAL LETTER

(1) प्रत्येक sentence को capital letter से आरंभ करते हैं—

He has a new car.

(2) कविता की प्रत्येक पंक्ति capital letter से आरंभ होती है; जैसे—

Twinkle, twinkle little star,
How I wonder what you are,
Up above the world so high,
Like a diamond in the sky.

(3) Proper noun तथा proper adjective को capital letter से आरंभ करते हैं—

Ramesh went to Dehradun. Americans are prosperous.

(4) God (ईश्वर) के लिए प्रयोग होने वाले noun या pronoun को capital letter से लिखते हैं—

Lord, God, Almighty आदि।

(5) I सर्वनाम तथा O विस्मयादिबोधक अव्यय को capital letter से लिखा जाता है—

I shall go to Agra tomorrow. O Death! where is thy sting?

(6) Reported speech का प्रथम अक्षर capital letter होता है—

The teacher said, "Read your notes again."

# Exercise

I. Tick (✓) the correct answer : *(Multiple Choice Questions)*

1. Which of the following means the right use of different points, marks or stops in a sentence?
   (a) Interjection ☐ (b) Preposition ☐
   (c) Apostrophe ☐ (d) Punctuation ☐
2. Capital letters are used to begin :
   (a) every new line of poetry ☐ (b) a new sentence ☐
   (c) all proper nouns and adjectives ☐ (d) All of these ☐
3. Which punctuation mark is used to tell the actual words of a speaker?
   (a) A colon ☐ (b) A comma ☐
   (c) A full Stop ☐ (d) Inverted Comma ☐
4. To show relationship or possession of words, we use the sign of :
   (a) interrogation ☐ (b) apostrophe ☐ (c) comma ☐ (d) exclamation ☐
5. Which punctuation mark is used to separate the words of single part of speech?
   (a) Semi-colon ☐ (b) Colon ☐ (c) Comma ☐ (d) Full stop ☐

II. Write the following sentences properly:

1. sit down boys said the teacher

   ..................................................................................................................

2. the teacher said to the boys why are you making a noise

   ..................................................................................................................

3. all people rich and poor high and low young and old celebrate diwali

   ..................................................................................................................

4. shreya said auntie may i come in i have my sister with me

   ..................................................................................................................

5. he said to me i shall go to allahabad on monday

   ..................................................................................................................

III. Use capital letters where necessary and punctuate the following messages :

1. i am naman a student of class x of vidya global school meerut last friday our principal invited a well known social worker named mahesh yogi he sopke on moral education.
2. i hope my dress will be ready in time for the state ball she answered i have ordered passion flowers to be embroided on it but the seamstresses are so lazy.
3. akash jain a resident of saket meerut write something about the preparation for examination to his younger brother naman jain who reads in sainik school kankerkhera meerut.

# 1 Useful Vocabulary
## (उपयोगी शब्दावली)

यहाँ दिन-प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले अंग्रेजी शब्द तथा उनके अर्थ दिये गये है। इन शब्दों को सुविधा दृष्टि से अनेक शीर्षकों में बाँटा गया है ताकि छात्र इन्हें सरलता से याद कर सकें। इन शब्दों की Spellings ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उनके अर्थ को याद कीजिए—

### 1. PERSONS AND RELATIONS (व्यक्ति और संबंध)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| man | पुरुष | woman | स्त्री | friend | मित्र |
| sister | बहन | brother | भाई | niece | भतीजी |
| son | पुत्र | daughter | पुत्री | nephew | भतीजा |
| father | पिता | mother | माता | cousin | चचेरा भाई/बहन |
| uncle | चाचा | aunt | चाची | | |
| husband | पति | wife | पत्नी | | |

### 2. VEGETABLES (सब्जियाँ)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| brinjal | बैंगन | cabbage | बंदगोभी | bean | सेम की फली |
| carrot | गाजर | cauliflower | फूलगोभी | chilli | मिर्च |
| coriander | धनिया | garlic | लहसुन | ginger | अदरक |
| bottle-gourd | लौकी | lady's finger | भिंडी | lemon | नींबू |
| mint | पोदीना | mushroom | कुकुरमुत्ता | onion | प्याज |
| peas | मटर | potato | आलू | pumpkin | कद्दू |
| ribbed-gourd | तुरई | round-gourd | टिंडा | radish | मूली |
| spinach | पालक | tomato | टमाटर | turnip | शलजम |

### 3. FRUITS (फल)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| apple | सेब | banana | केला | watermelon | तरबूज |
| blackberry | जामुन | coconut | नारियल | tamarind | इमली |
| date | खजूर | pomegranate | अनार | cucumber | ककड़ी, खीरा |
| fig | अंजीर | grapes | अंगूर | plum | बेर |
| guava | अमरूद | lychee | लीची | pineapple | अनन्नास |
| mango | आम | orange | संतरा | pear | नाशपाती |
| papaya | पपीता | peach | आड़ू | | |

## 4. CEREALS AND EATABLES (अनाज तथा खाद्य पदार्थ)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| barley | जौ | bread | रोटी | butter | मक्खन |
| biscuit | बिस्कुट | curd | दही | cheese | पनीर |
| flour | आटा | gram | चना | honey | शहद |
| jam | मुरब्बा | meat | मांस | millet | बाजरा |
| maize | मक्का | mash | दलिया | oil | तेल |
| pulse | दाल | pickle | अचार | rice | चावल |
| syrup | शर्बत | sauce | चटनी | wheat | गेहूँ |
| whey | मट्ठा | sugar | चीनी | milk | दूध |
| ghee | घी | groundnut | मूँगफली | | |

## 5. BIRDS AND INSECTS (पक्षी और कीड़े)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ant | चींटी | bee | मधुमक्खी | owl | उल्लू |
| bug | खटमल | butterfly | तितली | nightingale | बुलबुल |
| centipede | कनखजूरा | cock | मुर्गा | mosquito | मच्छर |
| crab | केकड़ा | crane | सारस | mongoose | नेवला |
| crocodile | मगरमच्छ | crow | कौआ | kite | चील |
| duck | बतख | eagle | गरुड़, बाज | frog | मेंढक |
| firefly | जुगनू | fly | मक्खी | parrot | तोता |
| peacock | मोर | pigeon | कबूतर | scorpion | बिच्छू |
| squirrel | गिलहरी | spider | मकड़ी | swan | हंस |
| tortoise | कछुआ | vulture | गिद्ध | | |

## 6. ANIMALS (पशु)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ass | गधा | bear | भालू | fish | मछली |
| buffalo | भैंस | camel | ऊँट | fox | लोमड़ी |
| cow | गाय | deer | हिरन | goat | बकरी |
| donkey | गधा | elephant | हाथी | horse | घोड़ा |
| jackal | गीदड़ | leopard | तेंदुआ | lion | शेर |
| monkey | बंदर | mouse | चूहा | ox | बैल |
| pig | सुअर | rabbit | खरगोश | rhinoceros | गेंडा |
| tiger | चीता | wolf | भेड़िया | zebra | जेब्रा |

## 7. PROFESSIONS (व्यवसाय के नाम)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| barber | हज्जाम, नाई | butcher | कसाई | carpenter | बढ़ई |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| cobbler | मोची | conductor | कंडक्टर | cook | रसोइया |
| doctor | डॉक्टर | driver | चालक | farmer | किसान |
| gardener | माली | goldsmith | सुनार | judge | जज, न्यायाधीश |
| labourer | मजदूर | milkman | ग्वाला | painter | पेंटर, रंगसाज |
| policeman | सिपाही | postman | डाकिया | potter | कुम्हार |
| tailor | दर्जी | washerman | धोबी | | |

## 8. CLOTHES AND ORNAMENTS (कपड़े और गहने)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| bangles | चूड़ी | blouse | ब्लाउज | belt | बेल्ट |
| bracelet | कंगन | cap | टोपी | coat | कोट |
| frock | फ्रॉक | handkerchief | रूमाल | earring | बाली, कुंडल |
| hat | टोप | necklace | कंठहार | petticoat | पेटीकोट, साया |
| pocket | जेब | ribbon | रिबन | ring | अंगूठी |
| shawl | शाल, चादर | shirt | कमीज | shoe | जूता |
| slipper | चप्पल | tie | टाई | skirt | स्कर्ट, घाघरा |
| towel | तौलिया | trousers | पतलून | turban | पगड़ी |
| underwear | जाँघिया | vest | बनियान | | |

## 9. THINGS AT SCHOOL (स्कूली वस्तुएँ)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| gardener | माली | bell | घंटी | blackboard | श्यामपट्ट |
| bench | बेंच | book | किताब, पुस्तक | calculator | गणना नियंत्रक |
| chalk | चॉक | classroom | कक्षा-कक्ष | computer | कंप्यूटर |
| desk | डेस्क | duster | डस्टर | headmaster | प्रधानाध्यापक |
| library | पुस्तकालय | headmistress | प्रधानाध्यापिका | ink | रोशनाई, स्याही |
| monitor | कक्षानायक | notebook | नोटबुक | office | दफ्तर |
| pen | कलम | pencil | पेंसिल | peon | चपरासी |
| register | रजिस्टर | playground | खेल का मैदान | uniform | स्कूल की पोशाक |

## 10. THINGS AT HOME (घरेलू वस्तुएँ)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| bathroom | स्नान-गृह | blanket | कंबल | bedroom | सोने का कमरा |
| bucket | बाल्टी | chair | कुर्सी | bed | बिछावन, बिस्तर |
| comb | कंघा | curtain | पर्दा | dining-room | भोजन-कक्ष |
| door | दरवाजा | drawing-room | बैठक | gate | फाटक |
| kitchen | रसोईघर | lamp | चिराग | toilet | शौचघर |
| lock | ताला | mattress | गद्दा | mirror | आईना, शीशा |
| pillow | तकिया | quilt | रजाई | roof | छत |
| room | कमरा | soap | साबुन | sofa | सोफा |
| stair | सीढ़ी | table | मेज | tap | नल |
| window | खिड़की | | | | |

## 11. WORDS RELATED TO FEELINGS AND ENVIRONMENT (भावनात्मक तथा पर्यावरणीय शब्द)

**Feelings**

| | | | |
|---|---|---|---|
| affection | स्नेह, दुलार | anger | क्रोध |
| horror | भय, डर | hatred | घृणा |
| love | प्रेम, प्यार | sympathy | सहानुभूति |

**Environment**

| | | | |
|---|---|---|---|
| air | वायु | bay | खाड़ी |
| canal | नहर | dam | बाँध |
| desert | रेगिस्तान | earth | पृथ्वी, धरती |
| field | खेत, मैदान | forest | वन |
| hill | पहाड़ी | island | टापू, द्वीप |
| industry | उद्योग | lake | झील |
| mountain | पर्वत | moon | चंद्रमा |
| ocean | महासागर | planet | ग्रह |
| plantation | वृक्षारोपण | plateau | पठार |
| pollution | प्रदूषण | rain | वर्षा |
| religion | धर्म | river | नदी |
| satellite | उपग्रह | sea | सागर |
| sky | आकाश | society | समाज |
| soil | मिट्टी | spring | सोता |
| sun | सूर्य | water | जल |

## 12. ACTION WORDS (क्रिया-शब्द)

| | | | |
|---|---|---|---|
| bathing | नहाना | beating | पीटना |
| begging | भीख माँगना | breaking | तोड़ना |
| carrying | ले जाना | climbing | चढ़ना |
| collecting | इकट्ठा करना | cooking | खाना पकाना |
| crossing | पार करना | crying | चिल्लाना |
| drinking | पीना | eating | खाना |
| flying | उड़ना | fighting | लड़ना |
| grazing | चरना | jumping | कूदना |
| kicking | ठोकर मारना | playing | खेलना |
| plucking | फूल तोड़ना | praying | प्रार्थना करना |
| reading | पढ़ना | resting | आराम करना |
| sewing | सिलाई करना | singing | गाना |
| sleeping | सोना | swimming | तैरना |
| teaching | पढ़ाना | walking | टहलना |
| weeping | रोना | writing | लिखना |

# 2 Antonyms
## (विलोम शब्द)

जो शब्द किसी अन्य शब्द का विपरीत या उल्टा अर्थ बताते हैं, वे antonyms या opposite words (विलोम शब्द) कहलाते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| above | = | ऊपर | below | = | नीचे |
| after | = | बाद में | before | = | पहले |
| alive | = | जीवित | dead | = | मृत |
| always | = | सदा | never | = | कभी नहीं |
| awake | = | जागना | sleep | = | सोना |
| bad | = | बुरा | good | = | अच्छा |
| beauty | = | सुंदरता | ugliness | = | कुरूपता |
| begin | = | आरंभ करना | end | = | अंत करना |
| big | = | बड़ा | small | = | छोटा |
| brave | = | बहादुर | coward | = | कायर |
| buy | = | खरीदना | sell | = | बेचना |
| clean | = | साफ | dirty | = | गंदा |
| clever | = | चतुर | foolish | = | मूर्ख |
| cold | = | ठंडा | hot | = | गर्म |
| day | = | दिन | night | = | रात |
| dark | = | अंधेरा | light | = | उजाला, रोशनी |
| difficult | = | कठिन | easy | = | आसान |
| direct | = | प्रत्यक्ष | indirect | = | अप्रत्यक्ष |
| double | = | दोहरा | single | = | इकहरा |
| dry | = | खुश्क | wet | = | गीला |
| early | = | जल्दी | late | = | देर |
| empty | = | खाली | full | = | भरा हुआ |
| enjoy | = | आनंद लेना | suffer | = | कष्ट उठाना |
| evening | = | शाम | morning | = | सवेरा |
| fail | = | असफल, अनुत्तीर्ण | pass | = | सफल, उत्तीर्ण |
| false | = | झूठ | true | = | सच |
| far | = | दूर | near | = | निकट |
| fast | = | तेज | slow | = | धीमा |

| | | |
|---|---|---|
| fat | = | मोटा |
| find | = | पाना |
| fine | = | बारीक |
| forget | = | भूलना |
| friend | = | मित्र |
| great | = | बड़ा |
| happy | = | प्रसन्न |
| harmful | = | हानिकारक |
| heavy | = | भारी |
| high | = | ऊँचा |
| honour | = | सम्मान |
| in | = | अंदर |
| kind | = | दयालु |
| large | = | बड़ा |
| life | = | जीवन |
| long | = | बड़ा |
| love | = | प्रेम |
| narrow | = | तंग |
| new | = | नया |
| old | = | बूढ़ा |
| permanent | = | स्थायी |
| poor | = | गरीब |
| possible | = | संभव |
| presence | = | उपस्थिति |
| pure | = | शुद्ध |
| quick | = | तेज |
| reward | = | इनाम |
| right | = | दायाँ |
| soft | = | मुलायम |
| success | = | सफलता |
| sweet | = | मीठा |
| up | = | ऊपर |
| useful | = | लाभदायक |
| victory | = | विजय |
| weak | = | कमजोर |
| wise | = | बुद्धिमान |

| | | |
|---|---|---|
| slim | = | पतला |
| lose | = | खोना |
| coarse | = | मोटा |
| remember | = | याद करना |
| enemy | = | शत्रु |
| small | = | छोटा |
| sad | = | दु:खी |
| useful | = | लाभदायक |
| light | = | हल्का |
| low | = | नीचा |
| insult | = | अपमान |
| out | = | बाहर |
| unkind | = | निर्दयी |
| small | = | छोटा |
| death | = | मृत्यु |
| short | = | छोटा |
| hate | = | घृणा |
| wide | = | चौड़ा |
| old | = | पुराना |
| young | = | जवान |
| temporary | = | अस्थायी |
| rich | = | धनी |
| impossible | = | असंभव |
| absence | = | अनुपस्थिति |
| impure | = | अशुद्ध |
| slow | = | धीमा |
| punishment | = | दंड |
| left | = | बायाँ |
| hard | = | कठोर |
| failure | = | असफलता |
| bitter | = | कड़वा |
| down | = | नीचे |
| useless | = | बेकार |
| defeat | = | हार |
| strong | = | शक्तिशाली |
| foolish | = | मूर्ख |

# 3 Synonyms
## (पर्यायवाची शब्द)

जो शब्द लगभग एक जैसे अर्थ के होते हैं, वे synonyms या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द | अर्थ | शब्द | पर्यायवाची शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| allow | permit | स्वीकृति देना | energy | power | शक्ति |
| announce | declare | घोषित करना | event | incident | घटना |
| ancient | very old | प्राचीन | excuse | forgive | क्षमा करना |
| answer | reply | उत्तर देना | error | mistake | भूल |
| ask | beg | पूछना, माँगना | famous | popular | प्रसिद्ध |
| aid | help | सहायता | freedom | liberty | स्वतत्रंता |
| aim | purpose | उद्देश्य | force | power | शक्ति |
| attempt | try | कोशिश करना | foe | enemy | दुश्मन |
| appear | seem | दिखाई देना | foolish | stupid | मूर्ख |
| arise | get up | उठना | gentle | noble | सज्जन |
| boy | lad | लड़का | hear | listen | सुनना |
| battle | war | युद्ध | house | home | घर |
| beautiful | handsome | सुंदर | harm | loss | हानि |
| begin | start | आरंभ करना | honour | respect | सम्मान |
| big | large | बड़ा | ill | sick | बीमार |
| blunder | mistake | भूल | joy | happiness | आनंद |
| broad | wide | चौड़ा | journey | travel | यात्रा |
| brave | courageous | बहादुर | kill | murder | मारना, हत्या |
| cause | reason | कारण | pay | salary | वेतन |
| cool | cold | ठंडा | regular | punctual | नियमित |
| clean | neat | साफ | say | speak | कहना, बोलना |
| circular | round | गोल | see | look | देखना |
| difficult | hard | मुश्किल | snow | ice | बर्फ |
| discovery | invention | खोज | true | correct | सही |
| doubt | suspicion | संदेह | vacant | empty | खाली |

# 4

# Homophones

## (समान उच्चारण वाले भिन्नार्थक शब्द)

वे शब्द, जिनका उच्चारण तो एक जैसा हो मगर अर्थ में पर्याप्त अंतर हो, homophones कहलाते हैं। इन शब्दों के आगे कोष्ठक में लिखे N का अर्थ noun, V का अर्थ verb, Adj. का अर्थ adjective, Adv. का अर्थ adverb तथा Pre. का अर्थ preposition है।

| | | |
|---|---|---|
| accept (V) एक्सैप्ट | = | स्वीकार करना |
| except (Pre.)एक्सैप्ट | = | अतिरिक्त |
| bad (Adj.) बैड | = | बुरा |
| bed (N) बैड | = | बिस्तर |
| bear (N) बीयर | = | भालू |
| beer (N) बीयर | = | जौ की शराब |
| birth (N) बर्थ | = | जन्म |
| berth (N) बर्थ | = | सोने के लिए सीट |
| born (V) बॉर्न | = | पैदा होना |
| borne (V) बॉर्न | = | सहन करना |
| brake (N) ब्रेक | = | ब्रेक |
| break (V) ब्रेक | = | तोड़ना |
| cattle (N) कैटल | = | पशु |
| kettle (N) कैटल | = | केतली |
| check (V) चैक | = | रोकना, जाँच करना |
| cheque (N) चैक | = | चेक |
| dairy (N) डेयरी | = | दुग्धशाला |
| diary (N) डायरी | = | डायरी |
| dear (Adj.) डियर | = | प्रिय |
| deer (N) डियर | = | हिरन |
| die (V) डाय | = | मरना |
| dye (N) डाई | = | रंगना |
| fare (N) फेयर | = | किराया |
| fair (N) फेअर | = | मेला |
| floor (Adj.) फ्लोर | = | फर्श |
| flour (N) फ्लोर | = | आटा |
| hair (N) हेयर | = | बाल |
| hare (N) हेयर | = | खरगोश |
| heart (N) हार्ट | = | हृदय |
| hurt (V) हर्ट | = | चोट पहुँचाना |
| here (Adj.) हियर | = | यहाँ |
| hear (Adj.) हियर | = | सुनना |
| hole (N) होल | = | छेद |
| whole (Adj.) होल | = | संपूर्ण |
| lend (V) लेंड | = | उधार देना |
| land (N) लैंड | = | धरती |
| marry (V) मैरी | = | विवाह करना |
| merry (N) मेरी | = | आनंद मिलना |
| mat (N) मैट | = | चटाई |
| met (V) मेट | = | मिला |
| meet (V) मीट | = | मिलना |
| meat (N) मीट | = | मांस |
| piece (N) पीस | = | टुकड़ा |
| peace (N) पीस | = | शांति |
| pray (V) प्रे | = | प्रार्थना करना |
| prey (N) प्रे | = | शिकार |
| principal (N) प्रिंसिपल | = | प्रधानाचार्य |
| principle (N) प्रिंसिपिल | = | सिद्धांत |
| right (N) राइट | = | सीधा, ठीक |
| write (N) राइट | = | लिखना |
| sell (V) सेल | = | बेचना |
| sale (N) सेल | = | बिक्री |
| send (V) सेंड | = | भेजना |
| sand (N) सैंड | = | बालू |
| steal (N) स्टील | = | चुराना |
| steel (N) स्टील | = | इस्पात, फौलाद |
| story (N) स्टोरी | = | कहानी |
| storey (N) स्टोरी | = | मंजिल |
| wait (V) वेट | = | प्रतीक्षा में |
| weight (N) वेट | = | भार |
| weak (Adj.) वीक | = | कमजोर |
| week (N) वीक | = | सप्ताह |
| year (N) इयर | = | वर्ष |
| ear (N) इयर | = | कान |

# 5 One Word Substitution

## (अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द)

नीचे कुछ ऐसे शब्द दिये गये हैं जो एक शब्द-समूह के स्थान पर अकेले प्रयोग किये जाते हैं और अर्थ पूरे शब्द-समूह का देते हैं। इसलिए भाषा में इनका बहुत महत्त्व है क्योंकि इनके प्रयोग से भाषा प्रभावकारी संक्षिप्त हो जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. A person who teaches | Teacher | = | अध्यापक |
| 2. A person who is the head of a school | Principal | = | प्रधानाचा |
| 3. A person who delivers (बाँटता है) letters, parcels, etc. | Postman | = | डाकिया |
| 4. A person who hunts | Hunter | = | शिकारी |
| 5. A person who drives vehicles | Driver | = | चालक |
| 6. A person who is not married | Bachelor | = | कुँआरा |
| 7. A woman whose husband is dead | Widow | = | विधवा |
| 8. A man whose wife is dead | Widower | = | विधुर |
| 9. A child whose parents are dead | Orphan | = | अनाथ |
| 10. A place where Hindus offer prayers | Temple | = | मंदिर |
| 11. A place where Muslims offer prayers | Mosque | = | मस्जिद |
| 12. A place where Sikhs offer prayers | Gurudwara | = | गुरुद्वारा |
| 13. A place where Christians offer prayers | Church | = | गिरजाघर |
| 14. To carry away a person by force | Kidnap | = | अपहरण |
| 15. Life history of a man written by himself | Autobiography | = | आत्मकथा |
| 16. Life history of a man written by another | Biography | = | जीवनकथा |
| 17. A large number of people | Majority | = | बहुमत |
| 18. A fewer number of people | Minority | = | अल्पमत |
| 19. Government by the people | Democracy | = | प्रजातंत्र |
| 20. A book containing words and meanings | Dictionary | = | शब्दकोश |
| 21. A strong feeling of affection | Love | = | प्रेम |
| 22. A strong feeling of dislike | Hatred | = | घृणा |
| 23. The time of sunset | Evening | = | शाम |
| 24. Mid time of the day | Noon | = | दोपहर |
| 25. Time when there is darkness and sleep | Night | = | रात्रि |
| 26. That which happens every week | Weekly | = | साप्ताहिक |
| 27. That which happens every 15th day | Fortnightly | = | पाक्षिक |
| 28. That which happens every month | Monthly | = | मासिक |
| 29. That which happens every year | Yearly | = | वार्षिक |

# 6 Some Important Idioms

## (कुछ प्रमुख मुहावरे)

| | | |
|---|---|---|
| 1. Act upon | = | मानना |
| 2. All in all | = | सर्वेसर्वा |
| 3. Apple of discord | = | झगड़े की जड़ |
| 4. At a stretch | = | लगातार |
| 5. Bear in mind | = | याद रखना |
| 6. Beat about the bush | = | व्यर्थ की बातें करना |
| 7. Bag and baggage | = | पूर्णरूप से |
| 8. By hook or by crook | = | किसी न किसी प्रकार |
| 9. By leaps and bounds | = | बहुत तेजी से |
| 10. Catch red-handed | = | रंगे हाथों पकड़ना |
| 11. Crocodile tears | = | झूठे आँसू |
| 12. Cry for the moon | = | असंभव वस्तु की माँग |
| 13. Face to face | = | आमने-सामने |
| 14. Fair weather friend | = | सुख का साथी, झूठा मित्र |
| 15. From time to time | = | समय-समय पर |
| 16. Get rid of | = | छुटकारा पाना |
| 17. Get through | = | सफल होना |
| 18. Grease the palm | = | रिश्वत देना |
| 19. Hard and fast | = | कठोर |
| 20. Hit upon a plan | = | युक्ति सोचना |
| 21. Hue and cry | = | शोर |
| 22. Ins and Outs | = | पूरा सारांश |
| 23. In a nutshell | = | संक्षेप में |
| 24. In a fix | = | परेशानी में |
| 25. In lieu of | = | बदले में |
| 26. Out of date | = | पुराने जमाने का |
| 27. Pull one's leg | = | खिंचाई करना |
| 28. Red letter day | = | महत्त्वपूर्ण दिन |
| 29. Talk tall | = | शेखी मारना |
| 30. Ups and downs | = | उतार-चढ़ाव |

# 7 Some Words Used as Different Parts of Speech

| Word ( शब्द ) | Noun ( संज्ञा ) | Verb ( क्रिया ) |
|---|---|---|
| 1. Answer | उत्तर | उत्तर देना |
| 2. Cook | रसोइया | खाना पकाना |
| 3. Cry | चीख | चीखना |
| 4. Colour | रंग | रंगना |
| 5. Change | परिवर्तन | बदलना |
| 6. Dance | नृत्य | नाचना |
| 7. End | अंत | अंत करना |
| 8. Fall | पानी का झरना | गिरना |
| 9. Fire | आग | गोली चलाना |
| 10. Fly | मक्खी | उड़ना |
| 11. Light | प्रकाश | रोशनी करना |
| 12. Lock | ताला | ताला लगाना |
| 13. Present | वर्तमान | प्रस्तुत करना |
| 14. Paint | रंग | रंगना |
| 15. Plough | हल | जोतना |
| 16. Place | स्थान | रखना |
| 17. Ring | घंटी | बजाना |
| 18. Rule | शासन | शासन करना |
| 19. Share | हिस्सा | हिस्सा बाँटना |
| 20. Sound | आवाज | आवाज सुनना |
| 21. Trouble | परेशानी | परेशान करना |
| 22. Turn | मोड़ | मोड़ना, मुड़ना |
| 23. Travel | यात्रा | यात्रा करना |
| 24. Watch | घड़ी | निगरानी रखना |

# 8 Word-formation
## (एक शब्द से दूसरा शब्द बनाना)

### 1. NOUN से ADJECTIVE बनाना

| Noun | | अर्थ | Adjective | | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. Air | = | हवा | Airy | = | हवादार |
| 2. Beauty | = | सुंदरता | Beautiful | = | सुंदर |
| 3. Book | = | पुस्तक | Bookish | = | पुस्तक का |
| 4. Cheer | = | प्रसन्नता | Cheerful | = | प्रसन्न |
| 5. Courage | = | साहस | Courageous | = | साहसी |
| 6. Day | = | दिन | Daily | = | दैनिक |
| 7. Danger | = | खतरा | Dangerous | = | खतरनाक |
| 8. Ease | = | सरलता | Easy | = | सरल |
| 9. Fear | = | भय | Fearful | = | भयानक |
| 10. Friend | = | मित्र | Friendly | = | मित्रवत् |
| 11. Fame | = | प्रसिद्धि | Famous | = | प्रसिद्ध |
| 12. Folly | = | मूर्खता | Foolish | = | मूर्ख |
| 13. Greed | = | लालच | Greedy | = | लालची |
| 14. Gold | = | सोना | Golden | = | सुनहरा |
| 15. Hunger | = | भूख | Hungry | = | भूखा |
| 16. Labour | = | मेहनत | Laborious | = | मेहनती |
| 17. Peace | = | शांति | Peaceful | = | शांतिपूर्वक |
| 18. Religion | = | धर्म | Religious | = | धार्मिक |
| 19. Thirst | = | प्यास | Thirsty | = | प्यासा |
| 20. Use | = | उपयोग | Useful | = | उपयोगी |
| 21. Week | = | सप्ताह | Weekly | = | साप्ताहिक |
| 22. Wool | = | ऊन | Woollen | = | ऊनी |

### 2. VERB से NOUN बनाना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23. Apply | = | प्रार्थना-पत्र देना | Application | = | प्रार्थना-पत्र |
| 24. Attend | = | हाजिर होना | Attendence | = | हाजिरी |
| 25. Agree | = | सहमत होना | Agreement | = | सहमति |
| 26. Advise | = | शिक्षा देना | Advice | = | सलाह, शिक्षा |
| 27. Do | = | करना | Deed | = | कार्य |
| 28. Die | = | मरना | Death | = | मृत्यु |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29. Explain | = | अर्थ बताना | Explanation | = | अर्थ |
| 30. Fly | = | उड़ना | Flight | = | उड़ान |
| 31. Give | = | देना | Gift | = | उपहार |
| 32. Invite | = | निमंत्रित करना | Invitation | = | निमंत्रण |
| 33. Know | = | जानना | Knowledge | = | ज्ञान |
| 34. Live | = | जीवित रहना | Life | = | जीवन |
| 35. Marry | = | विवाह करना | Marriage | = | विवाह |
| 36. Please | = | प्रसन्न करना | Pleasure | = | प्रसन्नता |
| 37. See | = | देखना | Sight | = | दृश्य |
| 38. Sing | = | गाना | Song | = | गीत |
| 39. Serve | = | सेवा करना | Service | = | सेवा |
| 40. Speak | = | बोलना | Speech | = | भाषण |
| 41. Sit | = | बैठना | Seat | = | स्थान |

## 3. ADJECTIVE से NOUN बनाना

| Adjective | | अर्थ | Noun | | अर्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 42. Able | = | योग्य | Ability | = | योग्यता |
| 43. Brave | = | बहादुर | Bravery | = | बहादुरी |
| 44. False | = | झूठ | Falsehood | = | झूठापन |
| 45. Free | = | स्वतंत्र | Freedom | = | स्वतंत्रता |
| 46. High | = | ऊँचा | Height | = | ऊँचाई |
| 47. Proud | = | अभिमानी | Pride | = | अभिमान |
| 48. Pure | = | शुद्ध | Purity | = | शुद्धता |
| 49. Safe | = | सुरक्षित | Safety | = | सुरक्षा |
| 50. Short | = | कम | Shortage | = | कमी |
| 51. Vacant | = | खाली | Vacancy | = | खाली स्थान |
| 52. Weak | = | कमजोर | Weakness | = | कमजोरी |
| 53. Certain | = | निश्चित | Certainty | = | निश्चितता |
| 54. Equal | = | समान | Equality | = | समानता |
| 55. Hot | = | गर्म | Heat | = | गर्मी |
| 56. Honest | = | ईमानदार | Honesty | = | ईमानदारी |
| 57. Poor | = | गरीब | Poverty | = | गरीबी |
| 58. True | = | सच्चा | Truth | = | सच्चाई |

हिंदी के वाक्यों से अंग्रेजी के वाक्य बनाना और अंग्रेजी के वाक्यों से हिंदी के वाक्य बनाने की प्रक्रिया को Translation (अनुवाद) कहते हैं। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में असंख्य वाक्य हैं। वाक्य शब्दों के समूह से बनते हैं किंतु दोनों भाषाओं में इन शब्दों का क्रम भिन्न भिन्न प्रकार से होता है। इन वाक्यों के भागों तथा वाक्य में उनके क्रम की जानकारी से ही सही अनुवाद करने में सहायता मिलती है। अतः इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करिए।

## PARTS OF A SENTENCE (वाक्य के भाग)

1. Subject (कर्ता) : वाक्य में कार्य करने वाले को subject कहते हैं या जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, वह शब्द subject होता है, जैसे

Rohan has a book. Rohan gave Hardik a book. यहाँ Rohan कर्ता है।

2. Verb (क्रिया) : जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना पता चले, उन्हें verb (क्रिया) कहते हैं।

3. Object (कर्म) : क्रिया के अर्थ को पूरा करने के लिए जिन शब्दों की आवश्यकता हो, उन्हें object कहते हैं। यह दो प्रकार के होते हैं—

(i) Indirect object (अप्रत्यक्ष कर्म) : यह सजीव होता है।

(ii) Direct object (प्रत्यक्ष कर्म) : यह निर्जीव होता है।

क्रिया से कौन या किसने का प्रश्न करने पर subject मिलता है, किसको का प्रश्न करने पर indirect object और क्या का प्रश्न करने पर direct object मिलता है।

***Remember***

इन चारों भागों को ढूंढने के पश्चात ही अनुवाद करें तथा अंग्रेजी के साधारण वाक्य में इनका क्रम निम्नलिखित प्रकार रखें—

Subject + Verb + Indirect Object + Direct Object + ....................

या Subject + Verb + Direct Object + To + Indirect Object + ....................

## WORD-ORDER IN A SENTENCE (वाक्य में शब्द-क्रम)

हिंदी वाक्यों में शब्दों का मुख्य क्रम इस प्रकार है—

| Subject | Object | Verb |
|---|---|---|
| उसने | एक पुस्तक | खरीदी |

लेकिन अंग्रेजी वाक्यों में शब्दों का मुख्य क्रम है—

| Subject | Verb | Object |
|---|---|---|
| He | bought | a book |

हिंदी वाक्यों में 'क्यों, कहाँ, कैसे' आदि interrogative words का प्रयोग subject के बाद किया जाता है लेकिन अंग्रेजी वाक्यों में ऐसे शब्दों का प्रयोग पहले किया जाता है।

1

# Use of Linking Verb

(Is, Are, Am)

## 1. AFFIRMATIVE SENTENCES (स्वीकारात्मक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए

| | |
|---|---|
| 1. वह एक नर्तक है। | He is a dancer |
| 2. मैं एक लड़का हूं। | I am a boy |
| 3. तुम बहादुर हो। | You are brave |
| 4. हम धनी नहीं हैं। | We are not rich |
| 5. वे हमारे मित्र हैं। | They are our friends |

***Identify***

वाक्य के अंत में सदा क्रिया **है, हैं, हो** होती है।

**अंग्रेजी बनाने के नियम**—1. एकवचन कर्ता के साथ **है** की अंग्रेजी is का प्रयोग कर्ता के बाद करते हैं। जैसे—वाक्य 1

2. बहुवचन कर्ता तथा तुम (You) के साथ **हैं** की अंग्रेजी **are** का प्रयोग कर्ता के बाद करते हैं। जैसे—वाक्य 3, 4, 5.

3. यदि कर्ता के स्थान पर मैं (I) हो तब **हूँ** की अंग्रेजी **am** का प्रयोग कर्ता I के बाद करते हैं, जैसे—वाक्य 2

## Exercise

Translate the following sentences into English

1. सौम्या एक अच्छी लड़की है।
2. ये पुस्तकें गंदी हैं।
3. उसके कपड़े साफ हैं।
4. मैं बहुत भूखा हूं।
5. कुत्ते सड़क पर हैं।
6. रामसिंह एक किसान है।
7. माधव एक अध्यापक है।
8. संतरे खट्टे हैं।
9. आम बहुत मीठे हैं।
10. मैं एक स्काउट हूं।

### Meanings

साफ = clean, भूखा = hungry, किसान = farmer, संतरे = oranges, खट्टे = sour, मीठे = sweet, स्काउट = scout.

## 2. NEGATIVE SENTENCES (नकारात्मक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए—

1. वह ईमानदार नहीं है। — He is not honest.
2. मैं भूखा नहीं हूँ। — I am not hungry.
3. वे अध्यापक नहीं हैं। — They are not teachers.
4. हम धनी नहीं हैं। — We are not rich.
5. ये पुस्तकें गंदी नहीं हैं। — These books are not dirty.

*Identify*

Negative वाक्य के अंत में क्रिया के स्थान पर **है, हैं, हो** होता है तथा वाक्य के बीच में **नहीं** शब्द होता है।

**अंग्रेजी बनाने के नियम**—1. एकवचन कर्त्ता होने पर कर्त्ता के बाद **is not** का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 1.

2. बहुवचन कर्त्ता तथा तुम (You) के साथ कर्त्ता के बाद **are not** का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 3, 4, 5.

3. यदि कर्त्ता के स्थान पर मैं (I) हो तब उसके बाद **am not** का प्रयोग कर्त्ता I के बाद करते हैं; जैसे—वाक्य 2.

## Exercise

Translate the following sentences into English :

1. तुम स्वस्थ नहीं हो। ..............................
2. मैं तुम्हारा मित्र नहीं हूँ। ..............................
3. हम दु:खी नहीं हैं। ..............................
4. बादल आकाश में नहीं हैं। ..............................
5. वह तुम्हारी बहन नहीं है। ..............................
6. यह मकान बड़ा नहीं है। ..............................
7. वे मंदिर में नहीं हैं। ..............................
8. मैं गिरजाघर में नहीं हूँ। ..............................
9. वृक्ष लंबा नहीं है। ..............................
10. ये मेरे जूते नहीं हैं। ..............................

### Meanings

स्वस्थ = healthy, दु:खी = sad, बादल = clouds, मंदिर = temple, गिरजाघर = church, लंबा = tall.

## 3. INTERROGATIVE SENTENCES (प्रश्नवाचक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए—

1. क्या आप धनी हो? — Are you rich?
2. क्या वह भूखा है? — Is he hungry?
3. क्या मै आपका सहायक हूँ? — Am I your helper?
4. क्या सौम्या अच्छी लड़की है? — Is Saumya a good girl?
5. क्या मि० गुप्ता अध्यापक है? — Is Mr. Gupta a teacher?

***Identify***

Interrogative वाक्य के अंत में क्रिया के स्थान पर **है, हैं, हो** शब्द होते हैं तथा वाक्य के आ **क्या** शब्द लगा होता है।

**अंग्रेजी बनाने के नियम**—1. एकवचन कर्त्ता होने पर वाक्य के आरंभ में **Is,** फिर कर्त्ता तथा उस अन्य शब्द लगाते हैं; जैसे—वाक्य 2, 4, 5.

**Not** : इन वाक्यों के आरंभ में आये हुए '**क्या**' शब्द की अंग्रेजी कुछ नहीं लिखते।

2. बहुवचन कर्त्ता होने पर वाक्य के आरंभ में **Are,** फिर कर्त्ता तथा उसके बाद अन्य शब्द ला जैसे—वाक्य 1.

3. यदि वाक्य में कर्त्ता के स्थान पर **मैं** शब्द हो तब वाक्य के आरंभ में **Am,** फिर कर्त्ता I तथा अन्य लगाते हैं; जैसे—वाक्य 3.

## Exercise

Translate the following sentences into English :

1. क्या आप एक गायक हो? ..................
2. क्या रामू दुकानदार है? ..................
3. क्या मैं अच्छा खिलाड़ी हूँ? ..................
4. क्या भिखारी लँगड़ा नहीं है? ..................
5. क्या फल मीठा नहीं है? ..................
6. क्या पुस्तकें रोचक हैं? ..................
7. क्या लोमड़ी भूखी नहीं है? ..................
8. क्या आपका मकान हवादार है? ..................
9. क्या वह धनी नहीं है? ..................
10. क्या कागज सफेद नहीं है? ..................

### Meanings

गायक = singer, दुकानदार = shopkeeper, खिलाड़ी = player, लँगड़ा = lame, रोचक = interesting
हवादार = airy.

# Test Paper

Translate the following sentences into English :

1. वे अच्छे खिलाड़ी हैं।
2. क्या तुम भयभीत हो?
3. क्या आप मेरे पड़ोसी हो?
4. मैं बहुत भूखा नहीं हूँ।
5. यह अध्यापक अनुभवी है।
6. वह साधु बुद्धिमान नहीं है।
7. मेरे पिताजी घर में नहीं हैं।
8. क्या वे सज्जन व्यक्ति हैं?
9. क्या आपके पिताजी स्वस्थ हैं?
10. यह छाता बहुत महँगा है।

**Meanings**

भयभीत = afraid, पड़ोसी = neighbour, अनुभवी = experienced, सज्जन व्यक्ति = gentleman.

Translate the following sentences into Hindi :

1. He is my headmaster.
2. Is he not present today?
3. They are not foolish.
4. This house is for sale.
5. Were you very lazy?
6. These are my shoes.
7. Your song is not sweet.
8. My car is very old.
9. Are you truthful?
10. They are at their shop.

**Meanings**

lazy = सुस्त, truthful = सत्यवादी।

Fill up the appropriate linking verbs in the blanks :

1. .......................... he ill?
2. .......................... you lazy?
3. .......................... I wrong?
4. .......................... you a soldier?
5. .......................... he a postman?
6. .......................... Vikas your friend?
7. .......................... she an intelligent girl?

# 2 Use of Linking Verb

(Was, Were

## I. AFFIRMATIVE SENTENCES (स्वीकारात्मक वाक्य)

दिए गए वाक्यों को ध्यान से देखिए

| | |
|---|---|
| 1. मोहिनी सुंदर थी। | Mohini was beautiful. |
| 2. वे क्रिकेट के खिलाड़ी थे। | They were cricket players. |
| 3. मैं कल प्रसन्न था। | I was happy yesterday. |
| 4. आप कमरे में थे। | You were in the room. |
| 5. मेरा चाकू तेज था। | My knife was sharp. |

***Identify***

वाक्य के अंत में क्रिया के स्थान पर **था, थी, थे** होता है। ये वाक्य Past Tense में हैं।

**अंग्रेजी बनाने के नियम**—1. एकवचन कर्त्ता के साथ **था, थी** की अंग्रेजी **was** कर्त्ता के बाद लगा जैसे—वाक्य 1, 5.

2. बहुवचन कर्त्ता के साथ **थे, थीं** की अंग्रेजी **were** कर्त्ता के बाद लगाते हैं; जैसे—वाक्य 2

3. कर्त्ता **You** के साथ **were** और कर्त्ता **I** के साथ **was** का प्रयोग करते हैं; जैसे—वाक्य 3, 4

## Exercise

Translation the following sentences into English :

1. लोमड़ी भूखी थी। ..................................
2. वे साहसी बच्चे थे ..................................
3. वह कल उपस्थित था। ..................................
4. मेरे पिताजी बहादुर थे। ..................................
5. वह हाथी पागल था। ..................................
6. खिलौने बहुत सुंदर थे। ..................................
7. मेरे कलम बहुत महँगे थे। ..................................
8. गुरुजी सज्जन व्यक्ति थे। ..................................
9. दादीजी बहुत बूढ़ी थीं। ..................................
10. पेड़ बिल्कुल हरे थे। ..................................